Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 223 | गुरूवार, 14 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### तीन पंचायतों से कटा संपर्क

# हिमाचल में हाहाकार...तीन जगह फटे बादल, आठ पुल बहे

**धर्मशाला।**

हिमाचल के लाहुल-स्पीति व कुल्लू जिले में तीन स्थानों पर बादल फटने से भारी क्षति हुई है। बुधवार शाम को कुल्लू जिले के श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने से दोगुड़ा पुल बह गया और बागीपुल बाजार को खाली करवाना पड़ा। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की फांचा पंचायत की नंती खड्ड में बाढ़ आने से चार पुल, दो मकान, पांच दुकानें, दो शेड, सेब के बगीचे व जमीन बह गई। सात मकानों, पांच दुकानों, सात शेड व बिजली के छोटे प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा है। कुल्लू जिले के बंजार उपमंडल के बठाहड़ की तीर्थन नदी में बादल फटने से आई बाढ़ से चार काटेज और तीन से चार वाहन बह गए। इसके बाद भीमड़वारी से बागीपुल तक के क्षेत्र को खाली करवाया गया। लाहुल-स्पीति जिले की मयाड़ घाटी में मंगलवार शाम बादल फटने से तीन पुल बहे हैं। कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। करपट, चांगुट व उडगोस नालों पर बने पुल बह गए हैं और मयाड़ नाले पर बना पुल डूब गया है। किन्नौर में भारी वर्षा के बाद पूह के होजो नाले में बाढ़ आने से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के लिए सड़क बना रही कंपनी का पूरा परिसर जलमग्न हो गया और कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई। होजो नाले के मलबे और पानी ने सतलुज नदी का बहाव रोक दिया है। इससे यहां पर नदी में झील बन गई है। इस झील का पानी किन्नौर व शिमला जिले के निचले क्षेत्रों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर रामपुर बाजार को खाली करने के आदेश जारी किए हैं।

### मानसून में 2031 करोड़ रुपये की क्षति, 241 की मौत

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 20 जून को मानसून के आगमन के बाद अब तक 2031 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हिमाचल प्रदेश में इस अवधि में 241 लोगों की जान गई। इनमें 126 की मौत बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने, डूबने, बिजली गिरने, सर्पदंश, करंट लगने और पेड़ या पहाड़ी से गिरने के कारण हुई है। 115 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हुई है।



### भारी बारिश के बीच हुई मुठभेड़

# छत्तीसगढ़ और झारखंड में इनामी तीन माओवादी ढेर




**नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ और झारखंड में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में इनामी तीन माओवादी मारे गए। कांकेर-बस्तर सीमा पर स्थित मंडा पहाड़ पर मुठभेड़ में मारे गए आरकेबी डिवीजन की सेंट्रल कमेटी के सचिव विजय रेड्डी पर 25 लाख व डिविजनल कमेटी मेंबर लोकेश सलामे पर 10 लाख, जबकि पश्चिम सिंहभूम में मारे गए माओवादी संगठन के एरिया कमांडर अरुण करकी पर दो लाख रुपये का इनाम था। अरुण सुकमा का रहने वाला था। उसके शव के पास से एक एसएलआर भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार मंडा पहाड़ पर बुधवार दोपहर भारी बारिश के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। शाम को फायरिंग रुकने के बाद दोनों माओवादियों के शव बरामद हुए। विजय रेड्डी फंडिंग के अलावा माओवादी रणनीतियां तैयार करता था। वहीं, लोकेश सलामे के आत्मसमर्पण के लिए दो साल से प्रयास किया जा रहा था।

### अरुण स्वतंत्रता दिवस के मौके कुछ करने की खिराक में था

माओवादी अरुण स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किसी हिंसक घटना को अंजाम देने के फिराक में था। सूचना मिलने के बाद चाईबासा पुलिस ने कोबरा 209 बटालियन के साथ संयुक्त टीम का गठन कर छापेमारी अभियान शुरू किया। लगभग एक घंटे चली मुठभेड़ में अरुण करकी मारा गया।

# बेघर लोगों को वाशिंगटन से निकालेंगे राष्ट्रपति ट्रंप




**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने कहा है कि बेघर लोगों को तुरंत वाशिंगटन छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि हम आपको रहने के लिए जगह देंगे, लेकिन राजधानी से दूर। हालांकि, बेघर लोगों को कहां ले जाया जाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वाशिंगटन से बेघर लोगों को निकालने और दूसरी जगह बसाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि कोई उनकी इस योजना से इनकार करता है, तो उस पर जुमार्ना लगाया जा सकता है या फिर उसे जेल की भी हवा खानी पड़ सकती है। हालांकि, कुछ वकीलों ने बेघर लोगों को शहर से जबरन हटाने पर सांविधानिक सवाल उठाए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि वाशिंगटन में कानून-व्यवस्था को संघीय सरकार के नियंत्रण में लिया जाएगा और अपराध पर सख्ती की जाएगी। इसी योजना के तहत वे बेघर लोगों को शहर से बाहर ले जाने का इरादा रखते हैं।

### शिविरों को खाली कराने से हल नहीं होगी समस्या

वकीलों और अन्य लोगों का कहना है कि बेघर लोगों की समस्या को सिर्फ शिविरों को खाली करवाने से हल नहीं किया जा सकता है, और इसके लिए बेहतर तरीके मौजूद हैं। बेघर लोगों को कहां ले जाया जाएगा, ये अभी स्पष्ट नहीं है।

# बंगाल के सिनेमाघरों में रोज एक बांग्ला फिल्म दिखाना अनिवार्य, ममता सरकार ने जारी किया आदेश

**कोलकाता।**

बंगाल के सभी सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में पूरे वर्ष प्राइम टाइम में प्रतिदिन कम से कम एक बांग्ला फिल्म दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस बाबत राज्य के सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग की ओर से बुधवार को निर्देश जारी किया गया है। ममता ने बांग्ला भाषा आंदोलन के बीच जारी किया सिनेमा हालों के लिए निर्देश प्राइम टाइम का अर्थ दोपहर तीन बजे से रात नौ बजे तक है। यह निर्देश



बंगाल फिल्म अधिनियम 1954 के अनुसार जारी किया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि इस संबंध में संबंधित कानून में संशोधन किया जाएगा। ममता सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह निर्देश जारी होने के क्षण से ही लागू होगा और नया निर्देश जारी होने तक प्रभावी रहेगा। ममता ने बांग्ला भाषा आंदोलन के बीच जारी किया सिनेमा हालों के लिए निर्देश मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर तृणमूल ने भाषा आंदोलन भी शुरू किया है। ममता का कहना है कि बंगाल के लोगों पर अत्याचार इसलिए हो रहा है क्योंकि बांग्ला भाषा बोलते हैं। कई लोगों का मानना है कि यह निर्देश उसी से संबंधित है।



# भोपाल में केमिकल फैक्ट्री से क्लोरीन गैस का रिसाव, मची अफरातफरी

**भोपाल।**

भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक केमिकल फैक्ट्री से बुधवार दोपहर क्लोरीन गैस के रिसाव के कारण आसपास के क्षेत्र में लगभग दो घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। गैस के प्रभाव से लोगों को आंखों में जलन, खांसी और सांस लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। आदिस इंस्डस्ट्रीज नामक फैक्ट्री में क्लोरीन की गोलियां बनाई जाती हैं। दोपहर एक बजे अचानक गैस का रिसाव हुआ। आग की आशंका के चलते अग्निशमन दस्ते ने पानी का छिड़काव कर दिया, जिससे विपरीत प्रभाव पड़ा और गैस का भभका तेज हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते आसपास के दफ्तरों को खाली कराया। अग्निशमन अधिकारी सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि घटना के समय क्षेत्र में बिजली गुल थी। बिजली चालू कर फैक्ट्री के एग्जास्ट फैन चलाकर धुआं बाहर निकला गया।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मु



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 79वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व गुरुवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा, जिसके बाद अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन का प्रसारण किया जाएगा, जिसके बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर शाम 9.30 बजे क्षेत्रीय भाषा संस्करण प्रसारित करेगा। इसके बाद शुक्रवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले की प्राचीर से अपना पारंपरिक स्वतंत्रता दिवस भाषण देंगे। भारत हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाता है, जो 1947 में दो शताब्दियों से भी ज्यादा समय तक चले ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मिली आजादी का प्रतीक है। इस अवसर पर ध्वजारोहण समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

**भारत हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाता है**

# यूपी-दिल्ली में सुबह से हो रही बारिश, पंजाब के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में वर्षा और बाढ़ से फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं है। दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी के कई जिलों में रात से ही बारिश होना शुरू हो गई है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले एक सप्ताह तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। अगस्त के पहले हफ्ते से ही हिमालय के तराई क्षेत्रों में वर्षा की स्थितियां प्रबल हैं। इसके चलते उत्तराखंड के साथ उत्तर बिहार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती सकुर्लेशन पश्चिम की ओर बढ़ रहा है, जिसका असर व्यापक पड़ सकता है। मानसूनी ट्रैक पहले से ही उत्तर की ओर खिसक चुका है। उत्तराखंड में वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बदीरनाथ, केदारनाथ, हेमकुंड साहिब की यात्रा गुरुवार तक स्थगित है। भूस्खलन के कारण दो दिन से बाधित यमुनोत्री पैदल मार्ग को सुचारू नहीं किया जा सका है। धराली आपदा के कारण गंगोत्री धाम की यात्रा बंद है। चार धाम यात्रा राजमार्ग भूस्खलन के कारण खतरनाक बने हुए हैं। मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में बुधवार को यात्रियों ने जबरन केदारनाथ यात्रा पर जाने का प्रयास किया। पुलिस के रोकने पर यात्री जिद पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ यात्री बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ गए, जिस पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

**बिहार में मची हाहाकार**



## संपादक की कलम से

# कुत्तों पर सुप्रीम नकेल



ललित शर्मा
संपादक

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की नकेल कसने और उन्हें आश्रय–गृहों में रखने पर सर्वोच्च अदालत का फैसला मानवीय है, क्योंकि कई इलाकों में कुत्ते यमदूत बने हैं। वे बच्चों और बुजुर्गों को काट रहे हैं, नतीजतन देश में करीब 5700 मौतें हर साल रेबीज के कारण होती हैं। देश की राजधानी में ही करीब 10 लाख लावारिस कुत्तों का अनुमान है। इतनी आबादी तो 37 देशों की भी नहीं है। दिल्ली के तीन बड़े अस्पतालों में इसी साल करीब 91,009 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए हैं। समझा जा सकता है कि आवारा कुत्तों का जानलेवा खतरा कितना भयावह है ? लेकिन सर्वोच्च अदालत के फैसले को एकतरफा और स्वाभाविक न्याय के खिलाफ मानने वाले व्यक्ति और संगठन दिल्ली में सडकों पर उतर आए हैं। वे देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई से अनुरोध कर रहे हैं कि फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। उनके सवाल हैं कि आठ सप्ताह (यानी 2 माह) में क्या किया जा सकता है ? दिल्ली के 4 जोन के एक सर्वेक्षण के मुताबिक, राजधानी में 1.89 लाख कुत्ते हैं और निकटवर्ती नोएडा, ग्रेटर नोएडा में 35,000 कुत्ते हैं। पूरी राजधानी दिल्ली में कुत्तों की संख्या ज्यादा है। कुत्तों को रखने, उनकी देखभाल करने, उन्हें पर्याप्त भोजन देने, उनकी चिकित्सा और नसबंदी आदि व्यवस्थाओं के लिए आश्रय–स्थल, कर्मचारी और बजट कहां हैं ? पशु–प्रेमी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी का कहना है कि दिल्ली में 3 लाख कुत्तों के लिए करीब 3000 आश्रय–गृह चाहिए। देखरेख के लिए 1.5 लाख लोगों की जरूरत पड़ेगी। खाने–पिलाने और रखरखाव पर हर सप्ताह 3–4 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह फैसला व्यावहारिक नहीं है, लिहाजा प्रधानमंत्री हस्तक्षेप करें। फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिख कर फैसले की समीक्षा की गुहार लगाई है। जॉन इन्हें आवारा नहीं, सामुदायिक कुत्ते मानते हैं। लोग इनका सम्मान करते हैं और प्रेम भी करते हैं। ऐसी ही प्रतिक्रियाएं कई अतिविशिष्ट लोगों ने व्यक्त की हैं। पशु–प्रेमियों की दलीलें हैं कि कुत्ते देश की सीमाओं की रक्षा में योगदान देते हैं। बड़े मामलों, आपदाओं, हादसों और हत्याओं की गुत्थियां सुलझाने में भी कुत्तों की भूमिका अहम रही है और उसे सराहा गया है। लेकिन यह भी यथार्थ है कि दिल्ली की गलियों, इलाकों, पार्कों आदि सामुदायिक स्थलों पर आवारा कुत्ते सक्रिय हैं और वे बच्चों और बुजुर्गों पर हिंसक हमले करते रहे हैं। यह भी देखा गया है कि लोग उन्हें खाना, बिस्कुट, अंडे आदि खिलाते रहते हैं। फिर भी वे क्यों काटते हैं, यह प्रवृत्ति समझ में नहीं आई। शायद हिंसक होना ही कुत्ते की प्रवृत्ति होगी ! सर्वोच्च अदालत ने यह मामला स्वत: संज्ञान लिया है, लिहाजा अदालत का आदेश है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन फैसले को लागू करने में बाधा बनेगा, तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। यदि इस समस्या को राष्ट्रीय संदर्भों में देखें, तो तीन मंत्रालयों का कहना है कि देश में करीब 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। इनमें 70 फीसदी का टीकाकरण और नसबंदी एक ही साल में करने का लक्ष्य तय किया गया है। ये मंत्रालय हैं–आवास एवं शहरी कार्य, पंचायती राज एवं मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्रालय। दरअसल यह बेहद संवेदनशील मुद्दा भी है, क्योंकि कुत्ते बेजुबान प्राणी हैं। वे अपना पक्ष रखने में असमर्थ हैं। स्वाभाविक न्याय उन्हें भी मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने 22 जुलाई को संसद में बताया था कि बीते वर्ष देश में कुत्ते के काटने के कुल मामले 37,17, 336 थे, जबकि रेबीज से मौतें 54 थीं। रेबीज बेहद खतरनाक बीमारी है। बहरहाल इस समस्या का ठोस समाधान हो।

## आजादी का मतलब

### मोनिका डागा

कविता



अपने संविधान को सम्मान व नमस्कार,
स्वदेश से प्रेम अनुराग अगाढ़ अपार,
सबको समान नागरिकता का अधिकार,
प्रसन्नचित आदर्श देश वासियों का व्यवहार,
सत्य, शांति, अहिंसा, की जय जयकार,
दुश्मनों को करारी भीषण फटकार,
मातृभूमि का मान–सम्मान रहे बरकरार,
सपनों को स्वतंत्रता का देना आकार,
देश की प्रगति में बनना सच्चा भागीदार,
एकता, क्षमा, सात्विकता, संग परोपकार,
देश की सेवा में शत प्रतिशत हिस्सेदार,
शूर वीरों की महिमा गाएं सारा संसार,
गौरवान्वित उन्नत हो हमारी सभ्यता संस्कार,
रूढ़िवादी परम्पराओं का करें बहिष्कार,
ज्ञानार्जन सफल सुरक्षित अविष्कार,
विदेशी बंधनों से मुक्ति वतन से प्यार,
विचारों की स्वतंत्रत अभिव्यक्ति हर बार,
जल थल नभ सेना में अद्भुत शक्ति आधार,
अखंडता की अक्षुण्ण जन शक्ति उपहार,
भाईचारे की प्रबल भावना ही अलंकार,
सभी के लिए शुभकामना सदाबहार,
विश्व बंधुत्व की आनंद डोर कारगार,
जय हिन्द ! जय भारत ! एकल परिवार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हवा-पानी की आजादी के बिना आजादी अधूरी



देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेजी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आजादी मतलब स्वस्थ हवा पाना है। हमारे आजादी को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आजादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आजादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आजादी मिली है ?

आजादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ.झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज बनती जा रही है। हवा-पानी की आजादी का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है। जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बबार्दी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है। दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार बहुत खराब या खतरनाक श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को जहरीला बना रहे हैं।



ललित गर्ग

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है–तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे–अब भी खरे हैं तालाब। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने अटल भूजल योजना, नल से जल और नदी पुनर्जीवन जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव–गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आजादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज सिर्फ.चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए। आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु–जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन–शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे–बूढ़े, स्त्री–पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू–विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि–सम्पन्न बनना होगा। खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है। आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है–हमारी आजादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोजगारी का नहीं, बल्कि शुद्ध हवा–पानी जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ी सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमने अंग्रेजी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आजादी है ? आजादी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हर नागरिक को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी मिले। 78वां स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और भाषण देने का नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संसाधनों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर है।

# स्वतंत्रता का अधूरा आलाप



प्रियंका सौरभ

15 अगस्त 1947 को हमने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ दिया था। तिरंगे की फहराती लहरों में वह रोमांच था, जो सदियों की गुलामी और अत्याचार के बाद जन्मा था। हर चेहरे पर एक ही उम्मीद थी–अब अपना देश अपनी मजी से चलेगा, अब हर नागरिक को बराबरी का हक मिलेगा, अब हम अपने भविष्य के निमार्ता होंगे। लेकिन आजादी के 78 साल बाद यह सवाल कचोटता है–क्या वह सपना पूरा हुआ ? आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है–हमारी आजादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोजगारी का नहीं, बल्कि सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है।

हमारे यहां लोकतंत्र का मतलब अक्सर सिर्फ. चुनाव रह गया है। हर पाँच साल में वोट डालने को ही हम अपनी भागीदारी मान लेते हैं, लेकिन उसके बाद नेता और जनता के बीच एक अदृश्य दूरी बन जाती है। जनता शिकायत करती है, सरकार सफाई देती है, और इसी बहाने असली मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। आजादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, और उसकी आवाज सिर्फ.चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए। हम तकनीक के युग में जी रहे हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बोलने की आजादी को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। लेकिन इसी आजादी का दुरुपयोग भी बढ़ा है–झूठी खबरें, नफरत फैलाने वाले संदेश, और डिजिटल विभाजन ने समाज में नई खाइयाँ बना दी हैं। आजादी तभी सार्थक है जब अभिव्यक्ति जिम्मेदारी के साथ हो, और डिजिटल स्पेस का इस्तेमाल जागरूकता और प्रगति के लिए किया जाए, न कि भड़काने और बांटने के लिए।

आर्थिक मोर्चे पर भारत ने लंबी दूरी तय की है, लेकिन यह सफर सबके लिए एक जैसा नहीं रहा। एक ओर हम अरबपतियों की संख्या में दुनिया में आगे हैं, तो दूसरी ओर करोड़ों लोग अब भी रोजगार, भोजन और इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महानगरों की ऊँची-ऊँची इमारतों की छाया में झुग्गियों की ज़िंदगी किसी को दिखाई नहीं देती। सच्ची आर्थिक स्वतंत्रता का मतलब है कि हर नागरिक को अपनी मेहनत के दम पर जीवन सुधारने का अवसर मिले, और बुनियादी जरूरतों के लिए वह किसी के रहम पर न हो। सामाजिक स्तर पर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव आज भी हमारे समाज में गहराई से मौजूद है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा में बराबरी का अधिकार कागजों पर है, लेकिन हकीकत में वे आज भी असमान अवसरों और हिंसा का सामना करती हैं। यह विडंबना है कि एक ओर हम मंगल पर पहुँचने की तैयारी कर रहे हैं, और दूसरी ओर लड़कियों की शिक्षा को बोझ समझने वाले विचार अब भी जिंदा हैं।

शिक्षा आजादी की असली नींव है। लेकिन हमारे यहां शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में भारी असमानता है। महानगरों के निजी स्कूल और ग्रामीण इलाकों के जर्जर सरकारी स्कूल एक ही देश के हिस्से हैं, लेकिन दोनों की दुनिया अलग है। बिना मजबूत और समान शिक्षा व्यवस्था के हम एक जागरूक और सक्षम नागरिक समाज नहीं बना सकते, और बिना ऐसे समाज के लोकतंत्र भी मजबूत नहीं हो सकता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हालात चुनौतीपूर्ण हैं। कोविड-19 महामारी ने हमारी व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया। बड़े-बड़े अस्पताल शहरों में हैं, लेकिन छोटे कस्बों और गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं भी सपना हैं। स्वतंत्रता का मतलब यह भी है कि कोई नागरिक इलाज की कमी से अपनी जान न गंवाए, और स्वास्थ्य सेवाएं केवल पैसे वालों के लिए न हों।आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती है–मानसिक गुलामी। हम में से कई लोग आज भी परंपराओं, अंधविश्वासों और पूर्वाग्रहों की जंजीरों में बंधे हैं। बदलाव को अपनाने के बजाय हम अक्सर उसे खतरा मान लेते हैं। असली आजादी तब होगी जब हम सोचने, सवाल पूछने और नई राह अपनाने से नहीं डरेंगे। पर्यावरण संकट भी हमारी स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ मुद्दा है। अगर हवा, पानी और मिट्टी जहरीली होती जाएगी, तो नागरिक का स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार भी खोखला हो जाएगा। विकास और पर्यावरण संतुलन के बीच सामंजस्य बैठाना आज के भारत के लिए अनिवार्य है। स्वतंत्रता केवल अधिकार लेने का नाम नहीं, बल्कि कर्तव्य निभाने का भी है। हम ट्रैफि क सिग्नल तोड़ते हैं, टैक्स चोरी करते हैं, सफाई की अनदेखी करते हैं, और फिर भ्रष्टाचार व अव्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। अगर नागरिक अपने कर्तव्य निभाने में ईमानदार नहीं होंगे, तो शासन भी ईमानदार नहीं हो सकता। भारत की ताकत उसकी विविधता है। लेकिन यही विविधता हमारे लिए खतरा भी बन सकती है, अगर हम एक-दूसरे को केवल जाति, धर्म या भाषा के चश्मे से देखें। आज के दौर में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम एक-दूसरे की पहचान का सम्मान करें और मतभेदों को दुश्मनी में न बदलने दें। अब वक्त है कि हम स्वतंत्रता को केवल ऐतिहासिक घटना की तरह न मनाएं, बल्कि इसे एक सतत जिम्मेदारी की तरह जिएं। यह जिम्मेदारी सिर्फ.सरकार की नहीं, हर नागरिक की है। हमें राजनीति में पारदर्शिता, न्यायपालिका में स्वतंत्रता, मीडिया में निष्पक्षता और समाज में समानता सुनिश्चित करनी होगी।

आज के भारत को ऐसी स्वतंत्रता चाहिए जिसमें हर बच्चा बिना डर और भेदभाव के स्कूल जाए, हर युवा को अपनी मेहनत के दम पर अवसर मिले, हर महिला सुरक्षित महसूस करे, हर बुजुर्ग को सम्मान और देखभाल मिले, और हर नागरिक अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सके। यही वह भारत होगा जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया था। राजनीतिक आजादी हमारी यात्रा की शुरूआत थी, लेकिन मंज़िल अभी बाकी है। जब तक हम असमानता, भेदभाव, गरीबी, और अज्ञानता को खत्म नहीं करेंगे, तब तक हमारी स्वतंत्रता का आलाप अधूरा ही रहेगा। इस अधूरेपन को पूरा करना हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है–क्योंकि आने वाले भारत की पहचान हमारे आज के फैसलों से तय होगी।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में निकली तिरंगा यात्राः छात्र-शिक्षकों ने देशभक्ति के नारों से गुंजायमान किया परिसर





**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** .ऊंचा गांव जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज अमरगढ़ में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत करना था यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर अमरगढ़ कस्बे में घूमती हुई विद्यालय पर ही समापन हुआ भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए इसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रतिभागियों ने देश की एकता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का संकल्प लिया। रंगीन परिधानों और तिरंगे की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने हर घर तिरंगा अभियान को हर नागरिक तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान को जीवन का अहम हिस्सा बनाने पर जोर दिया इस दौरान वहां पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी व विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजुद रहे।

# नगर मंडल में नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल जी के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर के नजीबाबाद नगर मंडल भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा नजीबाबाद नगर मंडल में नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल जी के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय पार्टी के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ कार्यकर्ता गण एवं आम जनमानस ने बढ़ चढ़कर तिरंगा यात्रा में भाग लिया और यात्रा को भव्य बना दिया।

तिरंगा यात्रा टीला मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए सब्जी मंडी के चौक पर समाप्त हुई। यात्रा में मुख्य रूप से- नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, भाजपा नेता सुबोध पाराशर, ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला महामंत्री क्षेत्र पंचायत सदस्य चौधरी विक्रम सिंह खोबे, भाजपा नगर उपाध्यक्ष उदय चौधरी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मुकुल रंजन दीक्षित, ठाकुर राज किशोर सिंह, कलवा शेख मंसूरी, संदीप तायल, भाजपा नगर महामंत्री संजय सैनी व नमन गुप्ता, रिजवान, रुस्तम यादव, निखिल शर्मा, अंकित राजपूत, दीपक शर्मा, अभिषेक यादव, बिट्टू भटनागर, गीता कैसेले, सुनीता गुप्ता, गीता राज, सीमा कर्णवाल, सुविधा भटनागर, संजू वर्मा, मंजू चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल आपका सेवक भाजपा नेता चौधरी विक्रम सिंह खोबेभाजपा क्षेत्र पंचायत सदस्य विधानसभा -17 नजीबाबाद पूर्व जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जनपद बिजनौर।

# चिकन विक्रेताओ से अपील करता है की थोड़े से मुनाफे के लिए चोरी छुपे भी कानून का उल्लंघन न करें: फरहाद अली खान

**वेलकम इंडिया**



रामपुर बर्डस फ्लू को एवियन इन्फ्लूजा भी कहा जाता है।यह बीमारी इतनी गंभीर होती है,कि धरती के अन्य प्राणी और मानव भी इसका शिकार हो जाते हैं। इसके खास लक्षण परिंदों की अचानक मौत होना है। देश और प्रदेश के कई जिलों में सामने आई है रामपुर के कुछ हिस्सो को संवेदन और अति संवेदन शील माना गया है। जिसमें जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से अलर्ट जारी किया है।जिसमें 21 दिवस तक परिंदों और विशेष तौर से चिकन पर पाबन्दी लगाई है। सभी चिकन विक्रेता और होटेल्स पर पाबंदी लगा दी है। अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ प्रशासन की इस जागरूकता का स्वागत करता है और चिकन विक्रेताओ से अपील करता है कि थोड़े से मुनाफे के लिए चोरी छुपे भी कानून का उल्लंघन न करें। क्यों कि आपकी चोरी और लापरवाही इंसानी जिंदगियों के साथ खिलवाड़ साबित हो सकती है। आइए हम सब मिलकर के समाज और प्रशासन की मदद करें और चिकन का मास न खाने का प्रण लें फरहत अली खान अध्यक्ष मुस्लिम महासंघ

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर प्रदर्शन किया

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अनूपशहर स्थित डांग बंगले से तहसील तक हाथों में तिरंगा झंडा लेकर प्रदर्शन किया और भारत सरकार के कृषि मंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी के नाम ज्ञापन उपजिलाअधिकारी अनूपशहर श्रीमती प्रियंका गोयल को सोपा। किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने कहा कि अमेरिका भारत के किसानों व मजदूरों को टैरिफ वाउचर लगाकर बर्बाद करने का षड्यंत्र रच रहा है भारत सरकार ने टैरिफ वाउचर का विरोध किया है। भाकियू अराजनैतिक भारत सरकार के इस कदम की सराहना करती है और सरकार को आस्वस्थ कराना चाहती है कि देश का किसान मजदूर भारत सरकार के कदम से कदम मिलाकर सहयोग करेगे। जिला अध्यक्ष लोकेश ठाकुर ने कहा कि जल्द ही जनपद से हजारों किसान एकत्र होकर दिल्ली सरकार से देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को समर्थन देकर मजबूत देने का काम करेंगे। युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहा कि जिले की मंडी समितियां और यहां के आर एम सभी किसानों को बिचौलियों के द्वारा लुटवाने का काम कर रहे हैं अभी तक टरढ कांटे नहीं लगाए हैं बहुत जल्द किसान आर एम दफ्तर बुलंदशहर पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर राधेश्याम तोमर ने कहा कि जल्दी किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ,राष्ट्रीय सचिव चौधरी उम्मेद सिंह व वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी जी के साथ मिलकर दिल्ली कृषि मंत्री जी से मिलकर बड़े स्तर पर समर्थन की तिथि निश्चित करेंगे और जनपद से हजारों किसान दिल्ली के लिए बसों, गाड़ियों से प्रस्थान करेंगे। तिरंगा रैली में उपस्थित किसानः-अनूपशहर तहसील अध्यक्ष नवीन दुबे, कपिल गुर्जर, अनु कुमार, धीरज चौहान, जगबीर भाटी, उदयपाल सिंह, मोहित वर्मा, प्रदीप राघव, चौधरी कल्लू सिंह, चौधरी अराफात लंबरदार, गुरु दत्त सोलंकी, चौधरी बिल्लू गाजी, रिजवान चौधरी, दशरथ सिंह सोलंकी, ब्रजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीआरडी जवानों द्वारा निकाली गयी तिरंगा यात्रा रैली, सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**वेलकम इंडिया**

**रामपुर**। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के अर्न्तगत तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने गांधी समाधि से रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली गांधी समाधि से स्टार चौराहा, कचहरी रोड, अम्बेडकर पार्क होती हुई विकास भवन में आकर सम्पन्न हुई।इस अवसर पर प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी नन्दन सिंह ने रैली की समाप्ति पर जवानों को सम्बोधित करते हुए तिरंगा यात्रा रैली के उददेश्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में पीआरडी जवानों ने प्रतिभाग किया और इसके संचालन में वरिष्ठ सहायक अजमल जमाल खाँ, सुनील कुमार, वेदराम, अनिल आदि ने सहयोग किया।

# आर.एस.एम. कॉलेज में तिरंगा वितरण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर :** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे ३हर घर तिरंगा३ अभियान के तहत आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर (बिजनौर) में राष्ट्रीय सेवा योजना और स्काउट-गाइड के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा वितरण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने सभी शिक्षकों को तिरंगे वितरित किए। तत्पश्चात, शिक्षकों द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किए गए, ताकि वे अपने घरों पर तिरंगा फहरा सकें और राष्ट्रीय गौरव का संदेश घर-घर तक पहुंचा सकें। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता दिवस से संबंधित था। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से देशभक्ति की भावना और तिरंगे के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें अपने कर्तव्यों और देश के प्रति जिम्मेदारियों का भी बोध कराते हैं।

जन्तु विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रो. अलका राय ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय सम्मान और एकता का प्रतीक है, इसे पूरे आदर और अनुशासन के साथ फहराना हम सबका कर्तव्य है। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल में प्रो. अलका राय, डॉ. ओ.पी. मौर्य, डॉ आदित्य एवं डॉ. विनय दुआ सम्मिलित रहे। सभी निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और लेखन कौशल की सराहना की। कार्यक्रम के सफल संचालन में कॉलेज के शिक्षक डॉ ओ पी मौर्य, डॉ रवि धनकड़, डॉ आकाश, डॉ हिमांशु त्रिपाठी, डॉ आदित्य, डॉ पंकज शर्मा, डॉ रविन्द्र भारद्वाज, डॉ दीप सौरभ, डॉ सुधीर गौड़, डॉ चंद्रकला और श्री पंकज कुमार, सुभाष देवरा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में, प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ विनय दुआ द्वारा किया गया।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक व पॉलिटेक्निक के 45 छात्र चयनित

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**




**सहारनपुर/नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में बीटेक एवं पॉलिटेक्निक के छात्रों हेतु एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें डिक्शन टेक्नोलॉजी, हैवेल्स, एल्टिस, भारतीय एलॉय, माइलस्टोन गियर प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियों के प्रतिनिधि प्लेसमेंट हेतु संस्था में उपस्थित रहे।

प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक व पॉलिटेक्निक के अंतिम वर्ष एवं पास आउट कुल 128 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कंपनी द्वारा प्रारंभ में छात्रों की लिखित परीक्षा ली गई, लिखित परीक्षा एवं ग्रुप डिस्कशन में पास छात्रों का साक्षात्कार हुआ जिसमें कुल 45 छात्र चयनित हुए। चयनित छात्रों को कंपनी द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि बीटेक एवं पॉलिटेक्निक के छात्रों हेतु आज एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी तथा अचयनित छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए आश्वासन दिया कि कॉलेज का ट्रेनिंग है प्लेसमेंट विभाग लगातार छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कार्य कर रहा है तथा भविष्य में उन्हें और विकल्प मिलते रहेंगे। संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि कुल 45 छात्र प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित हुए हैं तथा कंपनी द्वारा छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए हैं और जल्द ही जॉइनिंग हेतु छात्र कंपनी में रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने प्लेसमेंट हेतु आए कंपनी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं भेंट की। चयनित छात्रों ने रोजगार पाकर संस्था का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस पूरी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सूर्यकांत व ओमपाल ने कराया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष सूर्यकांत ने कहा कि बीटेक व पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम के छात्र सभी प्रकार से प्रतिभा से संपन्न है तथा वह आगे चलकर जनपद एवं देश का नाम रोशन करेंगे। ओमपाल सिंह ने बताया कि आगे भी संस्था में इस तरह के प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी जिससे अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार दिलाया जा सके।

# यूनिवर्सल एकेडमी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी व उप प्रधानाचार्य खुशबू कार्णवाल ने कहा कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों, खासकर बच्चों, में रचनात्मकता को बढ़ावा देना, आत्मविश्वास बढ़ाना और संवाद कौशल को निखारना है।यह विभिन्न पात्रों, विषयों और यहाँ तक कि संस्कृतियों के बारे में जानने का एक मजेदार और आकर्षक तरीका भी प्रदान करता है। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की वेशभूषा जैसे डिटॉल, मोबाइल, घड़ी, अमूल मिल्क, कोकोनट, ट्रैफिक लाइट, पॉपकॉर्न, आदि बनकर कई किरदार निभाए। इस प्रतियोगिता से बच्चों को उनके फायदे और नुकसान के बारे में बताया गया।सभी बच्चों के माता-पिता का आकर्षक पोशाक बनाने में अत्यधिक योगदान रहा। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के परिधान अभिनय के संवाद अदायगी के आधार पर विजेताओं का चयन किया। इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों को उन चीजों के बारे में और उनके फायदे और नुकसान के बारे में बताने का यह अच्छा तरीका है और नन्हे विद्यार्थियों की योग्यता की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन रुनझुन मैडम द्वारा किया गया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए स्कूल कल्चरल हेड अभिलाष कुमार, अनिता चौधरी, रूपाली और कक्षा अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण संयोग राहा।



# कौसानी में पर्यटक आवास गृह के निर्माण हेतु दो करोड़ 73 लाख स्वीकृत

**वेलकम इंडिया**



**कौसानी,बागेश्वर,** पूरन दोसाद, मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रमुख ध्यान का केंद्र स्थल कौसानी में जल्द पर्यटकों को सुविधा युक्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त पर्यटक आवास गृह का निर्माण किया जाएगा। कौसानी में लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास द्वारा पर्यटक आवास बनाए जाने की स्वीकृति दिए जाने की मांग की गई थी।जिसके बाद अब यहां जल्द पर्यटक आवास गृह का निर्माण होगा।शासन द्वारा इसके लिए 2.73 करोड़ (दो करोड़ 73 लाख) रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास ने पर्यटक स्थल कौसानी में पर्यटक आवास गृह बनाने के लिए पूर्व में दिए गए प्रस्ताव पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कौसानी में पर्यटकों के आकर्षण के लिए भी जल्द कार्ययोजना बनाकर पर्यटन स्थल के आसपास पर्यटक पार्क, और अन्य उचित व्यवस्थाएं किए जाने के लिए भी आवश्यक बजट देने का आश्वासन दिया है।उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था को पर्यटक आवास गृह के निर्माण हेतु पहली किश्त के तौर पर एक करोड़ दस लाख रुपए भी जारी कर दिए गए है।विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में में कई विकास कार्यो के लिए बजट जारी होने वाला है।सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर पहले प्रमुख समस्याओं का निदान कराया जाएगा। वही जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड द्वारा तैयार आगणन को जनपद स्तरीय तकनीकी समिति से परीक्षण व अनुमोदन के बाद शासन को भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम किशत के रूप में ?1.10 करोड़ जारी कर दी गई है।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीकृत धनराशि से उच्चीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इससे पर्यटन सुविधाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और आगंतुकों को बेहतर आवास, सेवाएं एवं अनुभव प्राप्त होंगे। वही कौसानी को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षक और पर्यटकों की सुविधाओं के लिए जल्द उचित व्यवस्था हेतु कार्य करने हेतु भी उचित कार्य कराए जाएंगे।

# किसान तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा के बाद भाकियू कलेक्ट्रेट में चढ़ाई कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगी



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर में किसान तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकालने के लिए नजीबाबाद तहसील के किसान अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगे के साथ किसान यूनियन का झंडा लगा कर किरतपुर मंडी समिति से एक साथ ट्रैक्टरों के काफिले में बिजनौर कुच करते हुए।आज बिजनौर में किसान तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा के बाद भाकियू कलेक्ट्रेट में चढ़ाई कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगी इसी क्रम में भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, तहसील अध्यक्ष पंडित देवदत्त शर्मा, किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, मंडल प्रवक्ता आदिल जैदी, पूर्व युवा मुख्य महासचिव अंकित चौधरी, विपिन कुमार, जिला उपाध्यक्ष जिब्रीश अहमद, जयप्रकाश पटवारी, रजत,ल कुमार , लड्डन प्रधान, खालिद प्रधान, संजय सिंह, मंसूर, राजा फरीदी, सब्बन कुरैशी, अकरम सलमानी, मोहित कुमार, अर्शी जैदी, शिजान अली खां, इफ्तेखार मलिक, शिवानू, सतेंद्र, अनुज कुमार, रामावतार चौहान , इंतजार मलिक आदि ।

# हिल रहा बैराज पुल, महीने भर रहेगा बंद

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर में गंगा बैराज का पुल अभी एक महीना तक यातायात के लिए खुलने वाला नहीं है। मंगलवार को एनएचएआई टीम की प्राथमिक जांच में पुल के तीन बेयरिंग खराब मिले हैं, जोकि जंग और कीचड़ से जाम हो गए।

बेयरिंग के कंक्रीट से बने आधार (पेडस्टल) डायाफ्राम में भी दरार है, इससे पुल हिल रहा है। इस मौजूदा स्थिति से अवगत कराने के लिए आईआईटी रुड़की के ब्रिज एक्सपर्ट को फोटो और वीडियो भेज दी गई है। उनके सुझाव के बाद ही बेयरिंग और मरम्मत का काम चालू होगा। मंगलवार को एनएचएआई के अधिकारियों की टीम क्रेन के जरिए गेट नंबर 20-21 के बीच पुल से नीचे उतरी। जिसने स्लैब के नीचे पिलर कैप पर खड़े होकर बेयरिंग आदि की स्थिति जानी और फोटो लिए। बेयरिंग किस तरीके से बदले जाएंगे, यह आईआईटी के ब्रिज एक्सपर्ट सुझाव देंगे। ब्रिज एक्सपर्ट की टीम के आज आने की संभावना है।हालांकि उनके प्राथमिक जांच के फोटो और वीडियो भेज दिए गए हैं।फिलहाल महीनेभर तक वाहनों के लिए पुल पूरी तरह से बंद रहेगा। हालांकि बाइक और पैदल चलने वालों के लिए कोई मनाही नहीं है। चौपहिया वाहन नहीं चलेंगे : डीएमडीएम जसजीत कौर ने कहा एनएचएआई के चेयरमैन से बात की है। बुधवार को टीम के आने की संभावना है। जब तक पुल में आई कमी ठीक नहीं हो जाती, पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

# किडजी एवं जेड बी स्कूल में राखी प्रतियोगिता और जन्माष्टमी कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

**जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** शाहजहांपुर शांति कॉलोनी स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति, स्नेह और उत्साह से सराबोर रंगारंग दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को आगाज राखी बनाने की प्रतियोगिता से हुआ।प्रतियोगिता में इबरा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हानिया तुर्क व कसीम खान संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। कबीर खान एवं गोरवांशी ने तृतीय, वहीं आयरा और इनाया ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन प्रारंभ हुआ।नन्हे अब्दुल समद कृष्ण रूप में पधारे और मनाल खान राधा स्वरूप में आईं, माहिरा खान ने मां यशोदा का भावपूर्ण अभिनय कर सबका मन मोह लिया, जबकि पाखी ने माता देवकी के रूप में श्रीकृष्ण जन्म की भावुक झांकी प्रस्तुत की। बच्चों की मासूम अदाओं और भक्ति भाव से सजी प्रस्तुतियों ने सबको आनंद विभोर कर दिया। इस आयोजन में स्कूल प्रबंधक शोएब खान, प्रधानाचार्या आयुषी गोयल, अध्यापिकाएं दीपशिखा, पूनम शर्मा, हिफजा सैफी,इकरा अब्बासी, कौसर जहाँ, तथा कोऑर्डिनेटर नीलोफर खान, सुम्बुल खान समेत पूरा स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के प्रयास और भक्ति भाव की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य व संस्कारों की गहराई के लिए मंगलकामनाएं दीं।

# भाकियू महाशक्ति की दादरी में हुई किसान पंचायत



**वेलकम इंडिया**

**नोएडा**/गौतम बुद्ध नगर/बुधवार को कस्बा दादरी के बालाजी मैरिज होम में भाकियू महाशक्ति की पंचायत हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने जिला गौतम बुद्ध नगर के किसानों मजदूरों की समस्याओं को लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए हरजीत भाटी के नेतृत्व में सचिन प्रधान को प्रदेश उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह को युवा जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर के पद पर मनोनीत करते हुए कहा गौतम बुद्ध नगर प्राधिकरण कान खोल कर सुन ले पूर्व में दिए गए ज्ञापन का संज्ञान लेकर साकिपुर गांव के रास्ते की समस्या का समाधान करें वरना बहुत जल्द प्राधिकरण के कार्यालय पर होगी महापंचायत जल्द करेंगे ऐलान जिसमें गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, सहित चारों तरफ के किसान एक होकर करेंगे महा पंचायत जिसका संचालन दिनेश सोलंकी व डा संदीप भाटी ने किया जिसमें योगेश भाटी, रविंद्र यादव,राजकुमार अवाना, शशांक सिंह, चौधरी जितेंद्र सिरोही, ठा सुनील सिंह, बंटी सिंह लोधी, पिंटू राघव,कंडेरे सहित सैकड़ो किसान व वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बेलहर विधानसभा में कौन होगा राजद का बेहतर उम्मीदवार देखना दिलचस्प होगा



**एहसान अंसारी**

**पटना:** बिहार 2025 विधानसभा चुनाव का अब कुछ ही समय बचा है। बिहार में ठऊअ की सरकार है तो विपक्ष में महागठबंधन है। 2025 में ही झारखंड में शानदार महागठबंधन की सरकार बनी है। अब सभी पार्टी की नजर बिहार विधानसभा चुनाव पर है। पार्टी अपनी अपनी तैयारी भी काफी समय शुरू चुका है।ठऊअ अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपनी सरकार में वापसी के लिए कई तरफ की योजना लागू कर चुका है। वही महागठबंधन की कोशिश है बिहार में ठऊअ की सरकार खत्म करके अपनी सरकार बनाने की सोच है। दिलचस्प होगा बेलहर विधानसभा 2025 में राजद किसको बेलहर से उम्मीदवार बनाए पार्टी को सीट भी चाहिए तो , 2020 विधानसभा चुनाव में जहां राजद के पूर्व विधायक रामदेव यादव है तो वहीं पूर्व जिला पार्षद राजद के नेता मिठन यादव , युवा समाज सेवक राजद जिला युवा अध्यक्ष विशाल यादव, जिला परिषद चेयरमैन राजेंद्र यादव, राजद के लिए 4 नाम रेस में है अब देखना दिलचस्प होगा पार्टी किस पर भरोसा करते है जो पार्टी को जीतकर कर सीट दिलाने में कामयाब रहे। वर्तमान विधायक जदयू से मनोज यादव है,

# रक्षा एनजीओ ने प्रयागराज में सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्ता हटाने के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन किया




**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज में सुभाष चौराहा पर आज रक्षा एनजीओ के बैनर तले, सुश्री वंशिका गुप्ता के नेतृत्व में, दर्जनों पशु-अधिकार समर्थकों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के विरोध में था, जिसमें दिल्ली-एनसीआर की सभी कुत्तों को आठ सप्ताह के भीतर सड़कों से हटाकर वापस न छोड़ने का निर्देश दिया गया है।कार्यकताओं ने इस आदेश को अव्यावहारिक, अवैध और अमानवीय बताया। यह आदेश एक अस्पष्ट समाचार रिपोर्ट और बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए काटने के आंकड़ों पर आधारित है; आधिकारिक आंकड़े इससे कहीं कम हैं। सड़क के कुत्ते संवेदनशील प्राणी हैं, सुश्री गुप्ता ने कहा। नीतियां तथ्यों, करुणा और विज्ञान पर आधारित होनी चाहिए, डर और भ्रामक सूचनाओं पर नहीं। रक्षा एनजीओ ने नीति-निमार्ताओं से नसबंदी, टीकाकरण, कचरा प्रबंधन और आक्रामक कुत्तों के मानवीय प्रबंधन में निवेश करने तथा स्वस्थ कुत्तों को बड़े पैमाने पर कैद करने की नीति को अस्वीकार करने की अपील की।

# गांवों में चोरों के आने की भ्रामक व झूठी अफवाह फैलाने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**






बिजनौर थाना कोतवाली देहात के ग्राम राजोपुर सादात शातिर दिमाग युवक ने फोटोज को एडिट कर ग्रामीणों को किया भयभीत।ग्रामीणों के साथ आकर एडिट किए हुए फोटोज के साथ थाने पहुंच रोज चोरों के आने का शिकायती प्राथना पत्र दिया।चोरों की इस झूठे अफवाह से पूरा आसपास का क्षेत्र व ग्रामीण थे भयभीत उङ्क नगीना के नेतृत्व में तेजतर्रार थानाअध्यक्ष कोतवाली देहात ने कुशल कार्यवाही करते हुए फोटो को एडिट कर चोरों की झूठी अफवाह फैलाने वाले युवक को किया गिरफ्तार जिसको लेकर पूरे थाना क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा पुलिस की खूब प्रशंसा हो रही हैं। क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी का स्पष्ट कहना है की भ्रामक व झूठी अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।ग्रामीणों के घरों के आगे चोरों का फोटो एडिट कर दहशत फैलाने वाला अब सलाखों के पीछे।थाना कोतवाली देहात के ग्राम राजोपुर सादात का मामला।

# गन्ना रोग एवं कीट प्रबंधन पर सतर्कता अभियान



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर अपर मुख्य सचिव एवं गन्ना आयुक्त महोदया के निदेर्शानुसार 13 अगस्त 2025 को बुलंदशहर जनपद में गन्ना रोग एवं कीट प्रबंधन की स्थिति का जायजा लेने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी, बुलंदशहर अनिल भारती एवं राजेश सिंह (केन प्रोमोशन इंस्पेक्टर), गन्ना प्रबंधक सहित संबंधित टीम ने क्षेत्र भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान 10 ग्राम – हिलालपुर, मलकपुर, भिखारीपुर, शाहपुर, सलेमपुर, बहलोलपुर, मलसवा, अमीरपुर, नूरपुर व रजपुरा – में गन्ना फसलों की स्थिति का आकलन किया गया। कई प्लॉट्स में 62 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की औसत उपज क्षमता दर्ज की गई, जो गन्ना बेल्ट की औसत से संतोषजनक है। हालांकि, निरीक्षण में कुछ खेतों में रेड रॉट व पोक्का बोइंग के लक्षण दिखाई दिए। विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट किया कि यदि समय रहते नियंत्रण उपाय नहीं अपनाए गए तो यह रोग उत्पादन पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं।निरीक्षण के बाद प्रभावित पौधों को रेड टेप से मार्क कर, सावधानीपूर्वक उखाड़ा गया और गड्ढों में डालकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया, ताकि रोग का संक्रमण अन्य स्वस्थ पौधों तक न फैले। साथ ही, किसानों को सुझाव दिया गया कि वे 20झ्र25 दिन के अंतराल पर फसल का निरीक्षण करें और यदि रोग के शुरूआती लक्षण दिखें तो तुरंत फील्ड स्टाफ को सूचित करें। विश्लेषण के अनुसार, मौजूदा समय में रोग का प्रसार सीमित है, परंतु मानसून के चलते खेतों में नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव ऐसी परिस्थितियाँ बना सकते हैं, जो रोग के प्रसार के लिए अनुकूल हों। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय सतर्कता ही सबसे प्रभावी ह्लफसल बीमाह्व है – नियमित निरीक्षण, रोग-प्रतिरोधी किस्मों की बुवाई, संक्रमित पौधों का निस्तारण और खेत की स्वच्छता, इन सभी को एक साथ अपनाने से ही गन्ना उत्पादन को नुकसान से बचाया जा सकता है। गन्ना प्रबंधन टीम ने किसानों से अपील की कि वे तकनीकी मार्गदर्शन के लिए परिषद और चीनी मिल के फील्ड स्टाफ के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें, ताकि किसी भी समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके।

# थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में 7 वारंटी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने 7 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में की गई।गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकुमार पुत्र लल्लूराम निवासी ग्राम शंकरपुर मजरा चहमलपुर, भगवानदीन पुत्र देवता निवासी शंकरपुर, ओमकार पुत्र रामरतन निवासी खमरिया मजरा चहमलपुर, बब्बूशाह पुत्र सगीर शाह निवासी श्यामलालपुरवा, रामसागर पुत्र मेवालाल निवासी लोधनपुरवा मजरा सरखनपुर, अच्छेलाल पुत्र पूरन निवासी ग्राम सैदापुर तथा पुतान सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम सैदापुर मजरा सिरैचा शामिल हैं।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नदीम अहमद, महताब सिंह, साधना यादव, प्रियंका गौतम, हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार, कॉन्स्टेबल रामलखन, दीपक कुमार, श्याम मोहन, गंगादीन, जगदीश प्रसाद यादव, गवेन्द्रपाल कुशवाहा और शुभम श्रीवास्तव शामिल रहे।थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी को भी कानून व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय है।

गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

# योगी सरकार ने श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन हेतु अध्यादेश जारी किया

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया



**मथुरा/व्रन्दावन।** यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक?युमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है. सत्र में बांके बिहारी कॉ?रिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है । अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा. इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं. मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी. सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है. स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे. न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा. साथ ही भक्तों और आगंतुकों की सुरक्षा तथा मंदिर के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी न्यास पर होगी. न्यास गठन के बाद श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है—प्रसाद वितरण, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग, पेयजल, विश्राम हेतु बेंच, पहुंच एवं कतार प्रबंधन कियोस्क, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और प्रतीक्षालय जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। कैसा होगा न्यास? न्यास की संरचना- न्यास में 11 मनोनीत और 7 पदेन सदस्य होंगे.मनोनीत सदस्यः वैष्णव परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से 3 प्रतिष्ठित सदस्य (जिनमें साधु-संत, मुनि, गुरु, विद्वान, मठाधीश, महंत, आचार्य, स्वामी सम्मिलित हो सकते हैं).सनातन धर्म की परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से 3 सदस्य (उसी श्रेणी के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व).सनातन धर्म की किसी भी शाखा/संप्रदाय से 3 सदस्य (प्रतिष्ठित व्यक्ति/शिक्षाविद/विद्वान/उद्यमी/वृत्तिक/समाजसेवी).गोस्वामी परंपरा से 2 सदस्य- स्वामी हरिदास जी के वंशज, एक राज-भोग सेवादारों और दूसरा शयन-भोग सेवादारों का प्रतिनिधि सभी मनोनीत सदस्य सनातनी हिंदू होंगे, कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। पदेन सदस्य में मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ, बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ और राज्य सरकार का नामित प्रतिनिधि शामिल होंगे. यदि कोई पदेन सदस्य सनातन धर्म को नहीं मानने वाला/गैर-हिंदू हुआ, तो उसकी जगह उससे कनिष्ठ अधिकारी को नामित किया जाएगा।

बैठक, दायित्व और वित्तीय अधिकार न्यास की बैठक हर तीन महीने में अनिवार्य होगी; आयोजन से 15 दिन पहले नोटिस देना होगा. बोर्ड/सदस्य सद्भावना-पूर्वक किए गए कार्यों के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराए जाएंगे. न्यास को ?20 लाख तक की चल/अचल संपत्ति स्वयं खरीदने का अधिकार होगा; इससे अधिक के लिए सरकार की स्वीकृति आवश्यक होगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एडीएम स्तर के अधिकारी होंगे।

# घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पंचायत खीरी में तिरंगे का वितरण शुरू

मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नगर पंचायत खीरी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत कर दी गई है। अभियान के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक नगर पंचायत खीरी के सभी वार्डों में घर-घर जाकर तिरंगा वितरित किया जाएगा।अभियान की शुरूआत के मौके पर अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार, नगर पंचायत कर्मचारी, एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि भाई फहीम अहमद ने बाजार और चौराहों पर पहुंचकर लोगों को तिरंगे वितरित किए और अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की। पहले नगर पंचायत का 4,000 झंडे बांटने का लक्ष्य तय था, लेकिन अब यह संख्या बढ़ाकर 6,000 से अधिक कर दी गई है। इनमें से आधे से ज्यादा झंडे पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।चेयरपर्सन उज्मा (बी) ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश के प्रति प्रेम और एकता का संदेश देना है। हमें अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश की आन, बान और शान को प्रदर्शित करना चाहिए। अधिशासी अधिकारी विनित कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर यह अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत के सभी नागरिक अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराएं और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाएं।नगर पंचायत खीरी द्वारा 14 अगस्त को खीरी कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें नगर पंचायत के साथ-साथ कस्बे के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

# सांसद छत्रपाल सिंह के नेतृत्व में सीबीगंज क्षेत्र में निकली तिरंगा यात्रा




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस के जश्न को लेकर पूरे भारत में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों से लेकर नेता, छात्र, सैनिक और स्वयंसेवी संगठन के साथ आम नागरिक भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।इसी क्रम में बरेली के सीबीगंज क्षेत्र में भी बुधवार को आजादी के अमृतकाल के उपलक्ष्य पर तिरंगा यात्रा निकाली गई इस यात्रा में मुख्य रूप से बरेली संसदीय क्षेत्र के सांसद छात्रपाल सिंह गंगवार और उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना के अग्रज एडवोकेट अनिल कुमार सक्सेना उपस्थिति रहे। ये तिरंगा यात्रा वार्ड 22 के खलीलपुर रोड से पटेल नगर, लेवर कॉलोनी, स्लीपर रोड होते हुए सीबीगंज थाने तक पहुंची, इस दौरान आजादी के अमृतकाल के उपलक्ष्य पर सभी क्षेत्रवासियों से हर घर तिरंगा लगाने के नारों का उद्घोष बुलंद आवाज में सुनाई दिया। ये तिरंगा यात्रा लोगों में न सिर्फ देशभक्ति की भावना को जगाने का माध्यम बनीं, बल्कि ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान को भी मजबूती दे गई।इस यात्रा में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अमन सक्सैना, महानगर उपाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष (सीबीगंज) अजय कुमार मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश लोधी, राजन श्रीवास्तव, पार्षद वेदराम मौर्य, रचित गुप्ता, धर्मवीर साहू, रामसिंह पाल के अलावा गुलशन गुप्ता, गिरीश चंद्र शर्मा, रंजीत वाल्मीकि, उमेश गंगवार, सोमेश्वर प्रसाद शुक्ला, अमन गुप्ता, पंकज गुप्ता के साथ भारी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# सी.एच.सी. की टीम ने चलाया स्वास्थ्य जागरूक अभियान



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़ गढ़ रोड स्थित सी.एच.सी.अस्पताल की टीम ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर व स्कूल में बच्चों के साथ स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य जीवन अभियान के तहत एड्स ,टी . बी.व टायफाइड की दी जानकारी हसमत अली एस.टी.एस. ने बताया कि.हमें एड्स के प्रति जागरूक रहना चाहिए ये कोई क्षय रोग नहीं है मगर बहुत गम्भीर रोग है जिसके बचाव कार्यों को समझना बहुत जरूरी है इसकी जांच और इलाज सरकारी अस्पतालों में मुफ्त की जाती है ।तो वहीं साहित्य के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले डाट्स सेंटर संचालक बेखौफ शायर डा नरेश सागर ने कहा कि.किसी भी डाक्टर के पास जाने पर नयी सिरिंज का इस्तेमाल करने को कहें और एक से दो हफ्ते तक खांसी-जुकाम के साथ बुखार रहने और बलगम से खून आने पर अपने स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराएं भारत सरकार ने ये सब सुविधाएं आपके लिए ही उपलब्ध कराई है।

इस अभियान में विशेष सहयोगी शबनम जहां, राहुल कुमार, लक्ष्मी देवी, मिथलेश देवी, राकेश कुमार और गुलशन पब्लिक स्कूल के संस्थापक सौराम सर जी रहे।

# राजकीय महाविद्यालय ने निकाली तिरंगा रैली




वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** 13 अगस्त, 2025 को राजकीय महाविद्यालय ने 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति में तिरंगा-रैली निकाली। रैली के दौरान देशभक्ति के भावों से भरे हुए नारे लगाए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो डॉ सविता गुप्ता ने छात्र छात्राओं को देश के शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो(डॉ.) सविता गौतम, प्रो(डॉ.)ललित कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. दीपक देव और डॉ. देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

# 10 महीने से मानदेय के लिए भटक रही शिक्षा मित्र

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्राथमिक विद्यालय गढ़ी रामबल विकास खण्ड फरह में कार्यरत शिक्षा मित्र नीतू सिंह को अक्टूबर 2024 से मानदेय नहीं मिल रहा है। जिसके लिए वह कभी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फरह तो कभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा के ऑफिस के चक्कर काटती रहती है लेकिन कोई उसकी सुन नहीं रहा है । शिक्षा मित्र नीतू सिंह ने बताया कि उसके पति की वर्षो पहले मौत हो चुकी है वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र के रूप में कार्य करके अपना और अपने बच्चो का पेट पालती है। हर रोज समय से स्कूल जाती है और अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है। 7 अक्टूबर 2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा ने एक पत्र जारी कर उस पर यह आरोप लगाते हुए कि खण्ड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त आख्या अनुसार शासकीय कार्यो में रुचि न लेने के कारण विद्यालय की छात्र संख्या कम है, इसलिए नीतू सिंह शिक्षा मित्र के मानदेय पर अग्रिम आदेशो तक रोक लगा दी गई ।जिसके बाद उसके मानदेय का भुगतान होना बंद हो गया। इस सम्बंध में वह अक्टूबर 2024 से लगातार खण्ड शिक्षा अधिकारी फरह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा से कई बार मिल चुकी है उसे हर बार आश्वासन दे दिया जाता है कि आपको मानदेय का भुगतान करा दिया जाएगा लेकिन पिछले 10 महीनों से उसे अभी तक मानदेय का भुगतान नही हुआ है ।10 महीनों से मानदेय न मिलने से आर्थिक एवं मानसिक रूप से वह टूट चुकी है नीतू सिंह का कहना है कि उसके पास अपने और अपने बच्चो के लिए खाने तक के पैसे नही है जिससे वह अपने बच्चों की फीस उनकी दवाई भी नही करा पा रही है ।पिछले दस महीनों से वह आये दिन अपने घर से 30-35 किमी दूर कार्यालयों के चक्कर लगा लगा कर दुखी और परेशान हो चुकी है उसके पास किराए तक के पैसे नही हैं कि वह बीएसए कार्यालय के और चक्कर लगा सके । इसलिए मजबूर होकर यह निर्णय लिया है कि 24 अगस्त तक उसके मानदेय का भुगतान नही होता है तो वह 25 अगस्त 2025 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन पर बैठेगी इस सम्बंध में बीएसए कार्यालय में उसने अपना प्रार्थना पत्र भी दे दिया है ।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने इस सम्बंध में बताया कि नीतू सिंह शिक्षा मित्र का प्रकरण मेरे संज्ञान में दो तीन महीने पहले आया था और उन्होंने इस सम्बंध में लिखित में उस समय के बीएसए से मिलकर इनका मानदेय भुगतान कराने के लिए कहा था ओर सीडीओ मथुरा को उन्होंने पत्र दिया था उन्हें आश्वासन भी दिया गया ।

# गोवर्धन में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा रैली निकाली गई

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** गोवर्धन में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ गोवर्धन के खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र तंवर ने तिरंगा झण्डा दिखाकर किया।

तिरंगा रैली सौंख अड्डा, दानघाटी, जतीपुरा तिराहा, लक्ष्मीनारायण मंदिर, मोदीखाना,हाथी दरवाजा, नगर पंचायत कार्यालय, चक्रलेश्वर, दसविसा होते हुए निकाली गई। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्तिपरक नारों से माहौल देशभक्तिपूर्ण बना दिया। राष्ट्रभक्ति के गीत संगीत के साथ बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 8), गोवर्धन के बच्चों ने तिरंगे झंडों के साथ उत्साह से प्रतिभागिता की। इस अवसर पर राजस्व नायब तहसीलदार श्रीमती मीनू राजपूत , जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आगरा मण्डल के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दुबे, उप्रावि गोवर्धन के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, बिकास यादव,समेकित शिक्षक शक्ति मीणा, बबिता कन्नौजिया, रजनी शर्मा,शिवांगी मित्तल, ममता चौधरी, सोनम चौधरी, सरिता कुमारी, ब्रजेश शर्मा, सचिन अग्रवाल और नारायन प्रसाद उपस्थित रहे।

# नाम एक जैसा, सौतेला भाई होता रहा बदनाम, गैंगस्टर हुलिया बदलकर पुलिस को देता रहा चकमा, नौ साल बाद हुआ गिरफ्तार



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** कोर्ट से नौ साल से वांछित चल रहे गैंगस्टर राहुल सोनकर को जगतपुर चौकी प्रभारी सनी चौधरी व उनकी टीम ने आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया। जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कागजों में फरार ये शातिर हुलिया बदल बदलकर शहर में ही परिवार के साथ रह रहा था। वहीं, लगातार वारंट जारी होने से पुलिस की किरकिरी भी हो रही थी। इस मामले में अब जाकर पुलिस को कामयाबी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारादरी के संजयनगर होली चौराहा का रहने वाला राहुल सोनकर बेहद शातिर बदमाश है। उस पर वर्ष 2016 में फतेहगंज पूर्वी थाना पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया था। फिर बारादरी पुलिस ने उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इसकी विवेचना इज्जतनगर थाने से हो रही थी। कुछ समय बाद वह जमानत पर छूट गया था। जिसके बाद से राहुल अपने पते पर नहीं रह रहा था, इसलिए अदालत से जारी गैरजमानती वारंट तामील नहीं हो पा रहा था। कोर्ट ने बारादरी पुलिस से नाराजगी जाहिर कर एसएसपी अनुराग आर्य को पत्र लिखा था। इसके बाद एसएसपी ने सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम गठित कर राहुल की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सटीक सूचना पर जगतपुर चौकी प्रभारी सनी चौधरी व उनकी पुलिस टीम ने राहुल को हास मियां की मजार के पास से सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक राहुल के खिलाफ पांच साल पहले वारंट जारी हुआ तो उसे तलाशा गया। उसके खिलाफ सात से ज्यादा केस दर्ज थे। इस दौरान राजस्थान समेत दूसरे राज्यों में रहकर उसने मजदूरी की। इस दौरान राहुल ने शादी भी कर ली, उसकी पत्नी गर्भवती है और अपनी मां भी साथ रहती हैं। पुलिस उसका पुराना फोटो लेकर उसे तलाश कर रही थी लेकिन अब उसने दाढ़ी बढ़ाकर चेहरा रौबदार बना लिया था। उसके पुराने दोस्त को पकड़कर मुखबिरी ली गई तो राहुल को पकड़ा जा सका। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया है कि राहुल के सौतेले भाई का नाम भी राहुल है और वह एक अस्पताल में काम करता है। वह काफी सीधा है। अक्सर जब कोर्ट का समन आता था तो पुलिस दूसरे राहुल को पकड़ लेती थी। चूंकि पिता का नाम भी एक ही होता था इसलिए दूसरे राहुल का चालान कर दिया जाता था। फिर कोर्ट में जब हकीकत खुलती थी तो उसे छोड़ा जाता था। इस बार पूरी पड़ताल के बाद असली राहुल की गिरफ्तारी की गई है। इसकी मां का नाम विमला देवी है।

# तिरंगे की शान और स्वच्छ भारत का संदेश शाहजहांपुर में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व नगर पंचायत शाहजहांपुर में बुधवार को हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। पूरे नगर में हाथों में तिरंगा थामकर राष्ट्रगान और देशभक्ति के गीतों के बीच कदम से कदम मिलाकर मार्च किया। रैली का नेतृत्व नगर पंचायत के चेयरमैन वसी उर्र रहमान और अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने किया। इस मौके पर सभासदगण, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, और भारी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। रैली के दौरान बच्चे और युवा जोश से लबरेज होकर भारत माता की जय के नारे लगाते रहे, जिससे नगर की गलियां देशभक्ति की गूंज से भर उठीं। रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर समापन किया गया पूरे कार्यक्रम में स्वच्छता का संदेश भी प्रमुख रूप से दिया गया। प्रतिभागियों ने नागरिकों से अपील की कि अपने आस-पास सफाई बनाए रखें, गंदगी न फैलाएं और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में योगदान दें। रैली के समापन पर स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। चेयरमैन वसी उर्र रहमान ने कहा, तिरंगा हमारी आन बान और शान है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसकी गरिमा को बनाए रखे और स्वच्छ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से न केवल देशभक्ति की भावना प्रबल होती है, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति गंभीरता भी बढ़ती है।

# एमआईईटी पब्लिक स्कूल पल्लवपुरम में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण लीला



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल पल्लवपुरम में शिशु वर्ग द्वारा जन्माष्टमी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद नन्हें-मुन्ने बच्चों ने श्लोकों के माध्यम से जन्माष्टमी के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने कृष्ण कथा का सुंदर मंचन किया, जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म, गोकुल गमन, बाल लीलाएं, रासलीला तथा सुदामा-कृष्ण की मित्रता को भावपूर्ण नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को कृष्ण भक्ति में भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दही-हांडी प्रतियोगिता और बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य रहा, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय चैयरमेन विष्णु शरण अग्रवाल और प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा ने अपने आशीर्वचन देते हुए बच्चों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करते हैं। इस अवसर पर किंडर गार्डन के सभी अध्यापकों का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा, जिनकी मेहनत से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त ग्रेडिंग/रैंकिंग के आधार पर विकास/निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दशार्ने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर प्रगति लाने के निर्देश के साथ-साथ जनपद स्तर पर वेंडर्स की उपस्थिति में मेगा कैंप का भी आयोजन कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान जनपद में दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे में विगत माह की अपेक्षा गिरावट दर्ज किए जाने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं के विद्युत बिल सुधार के प्रकरणों में पेंडेंसी जीरो करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि कहा कि विभिन्न विभागों अथवा कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सरकारी भवनों/नवनिर्मित भवनों में विद्युत कनेक्शन/ट्रांसफार्मर अथवा कनेक्शन शिफ्टिंग हेतु पैसा मिलने के बावजूद लंबित प्रकरणों को अभिलंब निस्तारित कर दिया जाए, इसी प्रकार पेयजल परियोजनाओं में पैसा जमा होने के बावजूद विद्युत कनेक्शन देने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान जनपद में फैमिली आईडी बनाने की प्रगति में सुधार पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों को परीक्षणोंपरान्त निस्तारण करने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को देने के साथ-साथ जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी समस्या अथवा जांच की स्थिति में संबंधित खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर लंबित आवेदनों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक विकासखंडों में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित समस्त जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की समीक्षा के दौरान समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा कर लें तथा गैप की स्थिति में तत्काल कार्यवाही कर लक्ष्य पूर्ण करें। उन्होंने विशेष तौर पर आईसीडीएस एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अपेक्षाकृत खराब प्रदर्शन पाए जाने पर इसमें सुधार के निर्देश दिए।

# विद्यालय मर्जर को लेकर शिक्षकों में मचा घमासान, छात्र-छात्राओं की शिक्षा हो रही है बाधित

**बरेली।** विकास क्षेत्र क्यारा के प्राथमिक विद्यालय गुलाब नगर झिंगरी के प्रधानाध्यापक चन्द्रपाल सिंह व उनके सहायकों और शिक्षामित्रों के मध्य कम नामांकन को लेकर चली आ रही खींचतान आज उभर कर सामने आ गई। दरअसल इस खींचतान की असली वजह स्कूल को जानबूझ कर अन्य विद्यालय में मर्ज कराना बताया जा रहा है, वह भी अन्य ग्राम पंचायत के विद्यालय में। प्राथमिक विद्यालय गुलाब नगर झिंगरी में सत्र 2024-25 में छात्र संख्या बढ़ाने को लेकर इस विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र धर्मेन्द्र पटेल ने कई बार प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के स्टॉफ से कहा, लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक और स्टॉफ द्वारा यह कह कर टाल दिया गया कि तुम तो आने वाले समय में अपने मूल विद्यालय चले जाओगे, लेकिन विभाग द्वारा मांगी गई 75 प्रतिशत उपस्थिति हमारे लिए सिर का दर्द बन जायेगी।

# विकसित उत्तर प्रदेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में पावर सेक्टर बनाये रखना जरूरी

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी दिलीप मौर्य ने कहा है कि जब उत्तर प्रदेश की विधानसभा में विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के विजन 2047 पर 24 घंटे की ऐतिहासिक चर्चा हो रही है तब यह बताना जरूरी है कि विकसित उत्तर प्रदेश के विजन के लिये पॉवर सेक्टर को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाये रखना जरूरी है। संघर्ष समिति ने कहा कि योगी सरकार के विगत 08 साल के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की बिजली व्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है ऐसे में निजीकरण का प्रस्ताव लाकर बिजली व्यवस्था पटरी से उतारने की कोशिश पर तुरन्त विराम लगना चाहिये । संघर्ष समिति के पदाधिकारी विवेकानंद नायक ने कहा कि निजीकरण के विरोध में 08 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा लेकर अभियान चलाने के संघर्ष समिति के कार्यक्रम के क्रम में 14 अगस्त को सभी जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मी तिरंगा रैली निकालेंगे और तिरंगा लेकर निजीकरण के विरोध में सभा करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, के पदाधिकारी सूरज प्रजापति कहा कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री माननीय श्री अरविंद कुमार शर्मा ने विधान सभा में कहा कि बिजली व्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है और हम 24 घंटे गुणवत्ता परक विद्युत आपूर्ति करने की स्थिति में आ गये हैं। यह सही भी है। योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के समय बिजली की ए टी एंड सी हानियां 42 प्रतिशत थीं जो आज राष्ट्रीय मानक 15% पर आ गई है। उप्र ने देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का नया कीर्तिमान मई 2025 में बनाया है।

# साइबर ठगों ने किया 'डिजिटल अरेस्ट' मांगे 70 लाख रुपये, 62 वर्षीय महिला ने दिखाई सजगता, ठगी होने से बची

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** शहर में एक 62 साल की महिला से साइबर ठगी करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने अधिकारी बनकर महिला को डराया धमकाया। मनी लॉड्रिंग केस में फंसाने की धमकी भी दी। जिसके कारण वह तीन दिन तक घर से बाहर ही नहीं निकलीं। बुधवार को महिला ने हिम्मत कर पुलिस को कॉल कर इस मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, तब महिला ने राहत की सांस ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के एकता नगर निवासी गुलशन कुमारी (62) ने बताया है कि 11 अगस्त को एक अनजान नंबर से उनके फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को जांच अधिकारी बताया। फिर उसने बातों में फंसाकर उनसे बैंक खातों समेत विभिन्न जानकारी मांगी। कॉल करने वाले ने कहा कि उनका नाम मनी लॉड्रिंग केस में आया है। उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। घर से बाहर न जाने के लिए धमकाया। साइबर ठग ने लगातार उन्हें कॉल करके डराते रहे। पहले तो महिला भी काफी डर गईं, लेकिन जब साइबर ठग ने 70 लाख रुपये की मांग की तो उन्हें एहसास हुआ, कि वह साइबर ठगों के जाल में फंस गई हैं। जिसके बाद गुलशन ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर एसपी सिटी मानुष पारीक, प्रेमनगर थाना पुलिस महिला के घर पहुंची। एसपी सिटी ने पूरे मामले की जानकारी महिला से ली और उन्हें साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए। एसपी सिटी ने बताया है कि डिजिटल अरेस्ट का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है।

# मेरठ से शुरू हुआ कार्बन मुक्त भारत अभियान, एचएचओ तकनीक से घटेगा गाड़ियों का प्रदूषण

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




**मेरठ।** शहर में पहली बार वाहनों के इंजन डिकाबोर्नाइजेशन की अत्याधुनिक हाइड्रोक्सी (एचएचओ) गैस तकनीक की शुरूआत की गई है। इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ बुधवार को आरटीओ कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनीता और एआरआई विंध्याचल कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह पहल एमआईईटी इन्क्यूबेशन फोरम के इनक्यूबेटी ग्रीनकियारी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश, मेरठ आरटीओ और एमआईईटी इन्क्यूबेशन फोरम के सहयोग से चलाई जा रही है। कार्यक्रम में गिरीश थापा, सुशील चौहान, अनीकेत थापा, रहन अहमद (सीईओ, एमआईईटी इन्क्यूबेशन फोरम) और अशोक कुमार मौजूद रहे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनीता ने कहा की कार्बन मुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत शुरूआत माना। एचएचओ तकनीक के जरिए वाहनों के इंजन में जमा कार्बन को हटाकर उनकी कार्यक्षमता बढ़ाई जाती है। इससे न केवल ईंधन की खपत में कमी आती है और इंजन की उम्र बढ़ती है, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण कार्बन उत्सर्जन में भी कमी होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक गाड़ियों द्वारा कार्बन उत्सर्जन से होने वाले प्रदूषण के नियंत्रण में एक बड़ा बदलाव ला सकती है। एआरआई विंध्याचल कुमार गुप्ता ने कहा, यह पहल आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यदि इसे बड़े पैमाने पर अपनाया जाए तो हम प्रदूषण को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। ग्रीनकियारीप्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस तकनीक का शुभारंभ मेरठ से किया गया है और जल्द ही इसे उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।

# परिषदीय विद्यालयों में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



वेलकम इंडिया

**मेंहदावल/संत कबीर नगर।** मेंहदावल विकास खण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली।इस दौरान बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर विद्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।उन्होंने कंपोजिट विद्यालय गगनई बाबू में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा इससे लोगों में हमें आजादी दिलाने में अपना जीवन कुर्बान कर देने वाले अमर शहीदों व देशभक्ति की भावना के प्रति प्रेम व विश्वास उजागर होता है। तिरंगा यात्रा में प्रधानाध्यापक कमलेश चंद्र त्रिपाठी, अशोक कुमार पांडेय, संजय रैना, सत्य प्रकाश, उमाशंकर शुक्ला, संजय सिंह समेत कई मौजूद रहे।इसी तरह कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर में प्रधानाध्यापक सुरेशचंद्र, कंपोजिट विद्यालय बिसौवां पर प्रभारी प्रधानाध्यापक वैभव शुक्ला, कंपोजिट विद्यालय अछियां पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार शुक्ल, हर्षवर्धन सिंह, प्राथमिक विद्यालय सरहरी पर एआरपी सर्वेश त्रिपाठी, उच्च प्राथमिक विद्यालय ददरा पर एआरपी अनूप कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, कंपोजिट विद्यालय डुमरिया बाबू पर एआरपी निशांत त्रिपाठी व प्राथमिक विद्यालय जोरवां पर प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार पांडेय की देखरेख में तिरंगा यात्रा बच्चों द्वारा निकाली गई।इसमें ग्रामीणों ने भी पूरे उत्साह से भाग लेकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस तरह से पूरा ब्लॉक क्षेत्र तिरंगा मय हो गया।क्षेत्र के कई अन्य परिषदीय और निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों के बच्चों ने भी तिरंगा यात्रा निकाली। स्कूलों में प्रधानाध्यापकों ने छात्रों को तिरंगा यात्रा निकाले जाने का उद्देश्य बताया।

# देवा मेला-2025 पारंपरिक गरिमा के अनुरूप भव्य रूप से मनाया जाए-डी.एम.

वेलकम इंडिया

**प्रवीण तिवारी जिला ब्यूरो चीफ**

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। इस बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/समिति सचिव श्री अरुण कुमार सिंह ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि देवा मेला-2025 का आयोजन 8 अक्टूबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम होंगे, जिनमें मुशायरा, कवि सम्मेलन, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विशेष सांस्कृतिक संध्या शामिल रहेंगी।मेला क्षेत्र में सुरक्षा, यातायात, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मंच सज्जा जैसी सभी सुविधाओं के लिए स्थायी व अस्थायी उप-समितियों का गठन किया जाएगा।जनता की सुविधा के लिए मेला परिसर में जलपान, पेयजल, विश्राम स्थल, शौचालय और चिकित्सा जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मेला के आय स्रोतों में पशु-बाजार के टेंडर, अस्थायी दुकानों व स्टॉलों का किराया शामिल रहेगा, जबकि व्यय में मंच सज्जा, टेंटेज, बिजली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलाकारों का पारिश्रमिक, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा और सफाई जैसी व्यवस्थाएं सम्मिलित होंगी।

# भाकियू ने ट्रैक्टर से अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा निकाल कर मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया,रणविजय सिंह

**सिद्धौर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं से मोहम्मदपुर चंदी सिंह, भरथाई चौराहा तक ट्रैक्टर से अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा के दौरान वंदे मातरम भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए गए। यात्रा पूरी होने के बाद सभी किसानों ने अपने-अपने अध्यक्ष ब्लॉक मुख्यालय परिषद में लेकर पहुंच गए और क्रांति महासचिव हौशिला प्रसाद की अगुवाई में किसानों को यूरिया खाद के लिए हो रही, परेशानी और सड़कों किनारे सूखे पेड़ों की सुखी शाखों को कटवाने के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन ब्लॉक मुख्यालय पर दी।

इस मौके पर लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमबीर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राम मदन रावत,जिला सचिव मुन्नालाल रामसरन रावत, इंद्राज गुप्ता, कमलेश कुमार, राजेश कुमार आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुलदीप वर्मा
ग्राम विकास अधिकारी
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी



सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेश कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी




# खंड विकास अधिकारी ने की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया



**सचिन गुप्त,सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। उन्होंने सभी सहायक विकास अधिकारियों, अभियंताओं और पंचायत सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की।बैठक में फैमिली आईडी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। बीडीओ ने पंचायत सहायक रोजगार सेवक और पंचायत सचिवों को लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। मनरेगा से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई।गौशालाओं के रख-रखाव पर विशेष जोर दिया गया। बारिश के मौसम में गौशालाओं में सफाई, कीचड़ की समस्या से निपटने और पशुओं की देखभाल के निर्देश दिए गए। कैमरे और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। बैठक में समाज कल्याण सहायक विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, जेई आरएस चेतराम, जेई एमआई सतीश कुमार श्रीवास्तव, एपीओ रेनू रावत विवेक कुमार,राजेश कुमार, सुरेश कुमार, मनोज मिश्रा, विवेक कुमार, बीरेंद्र तिवारी, मनीष शुक्ला और अरविंद कुमार शामिल थे।

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नियाज अंसारी
ग्राम प्रधान रामपुर भवानीपुर
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी




सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दयाशंकर शुक्ला
ग्राम प्रधान रामसहाय
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी



# एहसास संस्था द्वारा नंदलाला महोत्सव का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एहसास एवं परिणीता के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी पर्व को समर्पित ह्लनंदलाला महोत्सवह्व का भव्य आयोजन मंगलवार को निष्काम भवन, गोविंदपुरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों के साथ हुई, जिसने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियों ने दर्शकों को वृन्दावन की पावन गलियों की अनुभूति कराई। महोत्सव का विशेष आकर्षण ह्यकान्हा की मटकी फोड़ह्व प्रतियोगिता रही, जिसमें बाल-गोपालों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फलाहार व पारंपरिक प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे श्रद्धालु प्रसन्न और संतुष्ट दिखाई दिए। कार्यक्रम में परिणीता के सदस्यों द्वारा कान्हा जी से संबंधित सामान के स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें पूजन सामग्री, सजावट के सामान और स्मृति चिह्न, स्टीकर भी उपलब्ध थे। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को सफल बनाने? में एहसास की संस्थापक अनुप्रीत कौर, एहसास की अध्यक्ष गुरमीत गुप्ता, परिणीता की हेड सृष्टि गौड के साथ इन्दू गुप्ता, संगीता कुमार, रूचि विज, मेघा तायल, पूजा शर्मा, आंचल खुराना, पवन कुमार, सुनील नारंग, सुनील भूटानी, कमल, गीतू, ट्विंकल बतरा, लवली सचदेवा, गौरव जगपाल आदि का विशेष योगदान रहा।



# बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों की स्वास्थ्य की जांच करने पहुँची पहुँची मेडिकल टीम

वेलकम इंडिया,शिवशंकर तिवारी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सरयू नदी की बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही संभावित संक्रामक रोगों के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने राहत और बचाव के मोर्चे पर तत्परता दिखानी शुरू कर दी है। बुधवार को एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंची और लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। टीम ने मौके पर ही मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं और ग्रामीणों को बाढ़ के बाद फैलने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल कपिल सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहे।

एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रोजाना स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की महामारी फैलने से पहले ही रोकथाम की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि बाढ़ का संकट खत्म होने के बाद भी ग्रामीण सुरक्षित और स्वस्थ रहें।



# समाजसेवी आशु गोयल ने घर-घर वितरण किया तिरंगा

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर :** भारत के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के साथ भावात्मक रूप से जोड़ने, देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्र ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोहल्ला गोकुल नगर निवासी समाजसेवी आशु गोयल ने पूरे मोहल्ले में घर-घर जाकर तिरंगा वितरण कर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समरसता का संदेश दिया। ताकि वह अपने घरों पर तिरंगा फहरा सके और राष्ट्रीय गौरव का संदेश घर-घर तक पहुंच सके समाजसेवी आशु गोयल ने बताया कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय सम्मान और एकता का प्रतीक है इस पूरे आदर और अनुशासन के साथ फराना हम सब का कर्तव्य है।

# आईपीईसी और इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद(अनिल वशिष्ठ)।** भारत और आइसलैंड के बीच शैक्षिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में इन्द्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज और इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन (आईआईबीए) के बीच आपसी समझ और सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और आईआईबीए के चेयरमैन प्रसून दीवान ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रसून दीवान ने बताया कि इंडो-आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन भारत के विदेश मंत्रालय और आइसलैंड सरकार दोनों से मान्यता प्राप्त है। इस साझेदारी का उद्देश्य शिक्षा, तकनीक, इनोवेशन, कृषि और कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। समझौते के अंतर्गत छात्र और शिक्षक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाएं, रोजगार व उच्च शिक्षा के अवसरों सहित सांस्कृतिक और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इससे न केवल दोनों संस्थानों को लाभ होगा, बल्कि भारत और आइसलैंड के बीच संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। प्रसून दीवान ने यह भी आशा जताई कि आईपीईसी के साथ मिलकर गुणवत्ता-आधारित कार्यक्रम लागू करेंगे, जिससे छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। इस अवसर पर आईपीईसी के निदेशक डॉ. अजय कुमार, वाइस प्रेसीडेंट (अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध) विभूति शंकर, वत्सल मेहरिश (आईआईबीए) सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# तिरंगा रैली अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के अनुक्रम में ह्य हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के हजारो छात्रों एवं एन सी सी कैडेट्स के द्वारा कॉलेज कैंपस मे देश की आन बान और शान तिरंगा लहरा कर कैडेट एवं छात्रों के साथ साथ सभी में राष्ट्र भक्ति की भावना जाग्रत की जा रही है। ।तिरंगा रैली अभियान कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने कहा कि उक्त कार्यक्रम देश के अमर शहीदों की स्मृति में जगह जगह पर आयोजित किये जा रहे हैं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से लोगों को एक सूत्र में पिरोने एवं राष्ट्र को मजबूत और स्वावलंबी राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से सभी को साथ लेकर राष्ट्र निर्माण के लिए आह्वान करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मनोज भारद्वाज, धर्म जागरण नगर संयोजक रवि गोयल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सेवा प्रमुख मुकेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा ।कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के वरिष्ठतम प्रवक्ता टी पी सिंह, आर के सिंह ,डॉ नीतू , रवींद्र शर्मा ,राजीव सिंह, संजीव चौधरी,डॉ० संजय कुमार, राजीव कुमार, राजेश सिंह, रामरत्न वर्मा ,डॉ० पूनम वशिष्ठ, रोमा देवी,अनीता अग्रवाल, अजय कुमार, सुशील, रामगोपाल कसाना, सतीष बाबू ,कैडिट पुस्कर, श्याम, कुनाल, यस बैसोया, शिवांशु यादव, आयुष,सन्दीप निकुंज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय,एनसीआर में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय,एन सी आर, मोदी नगर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 से अधिक स्कूल प्रिंसिपल और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति , डॉ. के.एन.मोदी विश्वविद्यालय, एन सी आर मोदीनगर, डॉ. डी. के. मोदी और रजिस्ट्रार यू.एन. मिश्रा भी उपस्थित थे ।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.एन. हृषीकेश ने अपने पीपीटी प्रस्तुति में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे ये पाठ्यक्रम छात्रों को उनके करियर में सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगे। सम्मानित होने वाले प्रिंसिपल और शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी गई और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. निशा विश्नोई द्वारा किया गया और इस अवसर पर डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. बृजेश, डॉ. निखिल, रवि कुशवाहा, आशीष मिश्रा और रूनझुन ने सहयोग किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना की और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गईं।

# बस यूनियन और बस स्टैंड के व्यापारियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर, नगर आयुक्त का किया `राव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद रहे मौजूद



वेलकम इंडिया

झांसी बस स्टैंड स्थित दुकानों के व्यापारियों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम दुकानों की जमीन का भी किराया वसूल रहा है, जबकि वह पहले से ही दुकान का किराया दे रहे हैं, इस बात से आक्रोशित व्यापारी पूर्व सपा सांसद चंद्रपाल सिंह यादव और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में बुधवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नगर आयुक्त का घेराव कर अपनी मांगें रखीं और इस वसूली का विरोध किया। नेताओं ने समय करीब 1:30 बजे बताया कि व्यापारियों के साथ अन्याय हो रहा है, उनके मामले का तुरंत संज्ञान दिया जाए। नगर आयुक्त ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। वही व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे आंदोलन करेंगे।

# झाँसी में दिनदहाड़े लूट , महिलाओ ने दो बदमाशों को पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



वेलकम इंडिया

झाँसी में बदमाशों के होशले बुलंद बने हुए है। ।जहां आये दिन लूट ,छिनैती ,चोरी जैसी घटनाओं से क्षेत्र के लोग दहशत के साये में है। और पुलिस लोगो को सुरक्षा का एहसास दिलाने में नाकाम साबित हो रही है।। ताजा मामला मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है। जहां दिनदहाडे टकटौली से पठा जा रही दो महिलाओ को तीन बदमाशों द्वारा तमंचे की दम पर लूट की घटना। लेकिन महिलाए मर्दानगी दिखाते हुए बदमाशो से भिड़ गई। शोर सुनकर आस पास के लोग एकत्र हो गए। जिसमे दो बदमाशो को तो पकड़ लिया गया। वही एक बदमाश मौके से भाग निकला। जिसके कब्जे से ग्रामीणो ने अवैध असलहा ओर कारतूस भी बरामद किये हैं। वही घटना की सूचना मऊरानीपुर पुलिस को दी गई ।जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर दोनो बदमाशो को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी। वही दिनदहाड़े हो रही लगातार घटनाओ से स्थानीय लोग दहशत के साये में बनी हुये है।

# जिले को मिली 2300 मीट्रिक टन यूरिया फिर भी किसान परेशान

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़ ।** किसानों के खेतों में इस समय धान की फसल खड़ी हुई है। धान की फसल के लिए यूरिया खाद की जरूरत है। दुकानों पर यूरिया पर्याप्त मात्रा में नहीं है इसके चलते किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार यूरिया की कमी बताते हुए किसानों से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। यही नहीं किसानों को अतिरिक्त सामान जबरन दिया जा रहा है। भले ही जिम्मेदार कह रहे हों कि जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है लेकिन हकीकत कुछ और ही है। जिले के छोटे दुकानदारों के पास यूरिया उपलब्ध नहीं है। जिनके पास उपलब्ध है वे यूरिया की कमी का ब्योरा देते हुए किसानों से यूरिया की मनमानी कीमत ले रहे हैं। यही नहीं यूरिया के साथ अन्य उत्पाद किसानों को जबरन दिए जा रहे हैं। इससे किसानों पर बोझ बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र की तीन से चार दुकानों पर खाद के लिए गया। दो लोगों ने खाद न होने की बात कही। लालगन्ज तहसील पूरे रूप लच्छू का पुरवा निवासी किसान दीपक पाण्डेय ने बताया कि वह भगौतीगज बाजार मे एक दुकानदार खाद देने को तैयार हुआ लेकिन उसने बोरी यूरिया के साथ जिक का पैकेट थमाया जिसके लिए मुझसे पाच सौ बीस रुपए लिए । तो वही डेरवा बाजार मे यूरिया की एक बोरी चार सौ रुपए मे बेची जा रही है। अधिकतर दुकानदार यूरिया न होने की बात कह रहे हैं। दो दुकानों पर गया तो कहा कि यूरिया उपलब्ध नही बताया गया । जबकि जिम्मेदार कह रहे है यूरिया कि कोई कमी नही है । वही इस विषय मे स्थानीय भगौतीगज बाजार स्थित सहकारी समिति के सचिव से बात करने पर उन्होने बताया कि जुलाई माह मे यूरिया बाटी गयी थी ।इस समय समिति मे नैनो यूरिया तो है लेकिन अभी यूरिया बोरी उपलब्ध नही है । पैसा जमा है जल्दी ही यूरिया आने की उम्मीद है। वही जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों का सर्वे किया और तीन प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस थमाया । जिला कृषि अधिकारी के अनुसार किसानो के मोबाइल नम्बर रजिस्टर पर अकित नही थ? ।तो वही बिहार बाजार के दो दुकानो का लाईसेन्स निलम्बित किया। उन्होने बताया कि जिले को 2300 मीट्रिक टन यूरिया मिली है । लेकिन प्रतिष्ठानों पर खतौनी अनुसार वितरण नही किया जा रहा है।

# नगर पालिका बाड़ी द्वारा भव्य तिरंगा संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**बाड़ी धौलपुर।** नगर पालिका बाड़ी द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निदेर्शानुसार स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिनांक 13 अगस्त 2025 को एक भव्य तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना एवं नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी ने की तथा अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट कीं ।कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक कलाकार कृष्णा गुर्जर द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका के वार्ड पार्षदो ने दूर दराज से आए कलाकारों का माला पहना कर भारत माता की तस्वीर भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया सभी ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता की शपथ ली इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, चैयरमेन कमलेश देवी, ट्रैनी अधिशाषी अधिकारी विमलेश मीना, वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज,हरी पहाड़ियां, मंगल सिंह कुशवाह, अमर सिंह पोसवाल आदि मौजूद रहे।

# आईटीएमएस से जाम पर लगेगी लगाम, 15 अक्टूबर तक पूरा होगा प्रोजेक्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट और सुगम बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत इंटीग्रेटेड ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के कार्य तेजी से कर रहा है। बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में यातायात व्यवस्था से जुड़े अहम सुझाव भी सामने आए, जिनमें ई-रिक्शा की जोनवार रंग कोडिंग विशेष रूप से चर्चा में रही। नगर आयुक्त ने बताया कि इस परियोजना के तहत 850 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे बिना



हेलमेट, तीन सवारी, तेज रफ्तार और अवैध पार्किंग जैसी यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों पर तत्काल नजर रखेंगे। इनकी निगरानी के लिए आधुनिक नियंत्रण कक्ष लगभग तैयार है, जहां पुलिस और नगर निगम अधिकारी मिलकर मॉनिटरिंग करेंगे। आईटीएमएस के तहत सिग्नल लाइट अब ट्रैफिक की वास्तविक स्थिति के अनुसार स्वतः ही लाल और हरी होंगी। इससे अनावश्यक जाम से छुटकारा मिलेगा और वाहनों की आवाजाही तेज और सुगम होगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने सुझाव दिया कि ई-रिक्शा को जोनवार रंग कोडिंग देकर आईटीएमएस से जोड़ा जाए। इससे ई-रिक्शा संचालन व्यवस्थित होगा और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक का दबाव कम किया जा सकेगा। अधिकारियों का मानना है कि आईटीएमएस से न केवल यातायात में अनुशासन आएगा, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी घटेगी। साथ ही, परियोजना के जरिए आमजन में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। नगर निगम द्वारा लगभग 54 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना बनाई जा रही है। पुलिस विभाग और नगर निगम के संयुक्त प्रयास से इसकी मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने आईटीएमएस भवन का निरीक्षण कर कार्यों की गति पर संतोष जताया।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गंग नहर स्थित श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में शासन के आदेश अनुसार तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ी। रैली में विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा रैली पुलिस सुरक्षा कर्मियों के साथ श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर से चलकर रावली रोड होते हुए गुड मंडी से वापस गंग नहर पर समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडेट ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, व तिरंगा हमारी शान है, राष्ट्र की पहचान है। आदि नारे लगाकर माहौल को राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत प्रोत कर



दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित किया। तथा देश पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ,एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,थाना मुरादनगर की टीम व विद्यालय के समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस की संयुक्त ₹बाइक एवं स्कूटी तिरंगा रैली में उमड़ा जनसैलाब

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस ने बुधवार को शहर में भव्य बाइक एवं स्कूटी तिरंगा रैली का आयोजन किया, जिसने पूरे गाजियाबाद को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। रैली का शुभारंभ सांसद अतुल गर्ग ने कविनगर रामलीला मैदान से हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीसीपी सच्चिदानंद, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल, और कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस




आयुक्त की अगुवाई में निकली इस रैली में सैकड़ों बाइक और स्कूटी पर तिरंगा लहराता रहा। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रैली काविनगर रामलीला मैदान से शुरू होकर हापुड़ रोड, ठाकुरद्वारा मोड़ से होते हुए शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा तक पहुंची, जहां पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद यह घंटाघर पहुंची, जहां शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। चौधरी मोड़, पुराना बस अड्डा और कलेक्ट्रेट होते हुए रैली पुनः रामलीला मैदान पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में तिरंगे की लहर और देशभक्ति के नारों ने माहौल को जोशीला बना दिया।

# समस्या सुनें, समझें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने नियमित जनसुनवाई करते हुए जनता की समस्याओं को सीधे सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में प्रतिदिन बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि जनता को अब अपनी बात सीधे जिलाधिकारी तक पहुंचाने का भरोसा मिल रहा है। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग समेत कई अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। डीएम ने हर शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना, समस्या की पृष्ठभूमि जानी और पूछा कि क्या इस विषय में पहले भी कोई पत्र दिया गया था। जिलाधिकारी ने



मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए, गहराई से समझा जाए और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। डीएम ने सभी प्रार्थियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय और एसडीएम लोनी राजेन्द्र कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# फिल्म की रिलीज से पहले मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान दूधेश्वर का लिया आशीर्वाद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हिमाचल प्रदेश की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म द लेडी कॉप जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से फिल्म की यूनिट भगवान दूधेश्वर की कृपा के लिए बुधवार को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंची। भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के बाद सभी ने मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद फिल्म को लेकर पत्रकारों से बातचीत की। फिल्म की निर्देशक निशा ठाकुर ने बताया कि द लेडी कॉप हिमाचल प्रदेश की एक बहादुर महिला पुलिस ऑफिसर की दिलेरी, बहादुरी व कर्त्तव्यपरायणता पर आधारित है। वर्ष 2008-2018 के बीच जब हिमांचल प्रदेश में ड्रग माफिया हावी थे और युवाओं को नशे की लत लगाकर उनका जीवन बर्बाद कर रहे थे, तब बहादुर व जाबांज महिला पुलिस ऑफिसर ने उनके खिलाफ जंग कर उनका सफाया किया और हिमाचल प्रदेश के निवासियों खासकर युवाओं के नशे के दलदल से बचाया था। फिल्म के को प्रोडयूसर हर्षवर्धन गुप्ता, गोल्डी ने बताया कि वे शुरू से ही भगवान दूधेश्वर के भक्त हैं और उनकी कृपा व श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के आशीर्वाद से आज वे अपनी पहचान बनाने में सफल हुए हैं। भगवान दूधेश्वर में उनकी असीम श्रद्धा व विश्वास है और इसी कारण वे हिमाचल प्रदेश की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म द लेडी कॉप की रिलीज से पहले फिल्म की यूनिट के साथ भगवान दूधेश्वर की शरण में आए और उनकी पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया व श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने निशा ठाकुर व हर्षवर्धन गुप्ता, गोल्डी समेत सभी कलाकारों व फिल्म से जुडे सभी लोगों को फिल्म के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान दूधेश्वर की कृपा से फिल्म सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि आज जब युवी पीढी नशे की चपेट में आ रही है तो निशा ठाकुर व हर्षवर्धन गुप्ता, गोल्डी ने ऐसी फिल्म बनाई, जो ऐसे लोगों के लिए वरदान साबित होगी, जो नशे की दलदल में धंसते जा रहे हं। यह फिल्म लोगों खासकर युवाओं को ना सिर्फ नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगी, बल्कि नशे का शिकार लोगों व युवाओं को नशे से मुक्ति भी दिलाएगी। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार आदि भी मौजूद रहे।

# गढ़ी कुम्हैड़ा में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब, गूंजे 'भारत माता की जय के नारे



वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व ग्राम पंचायत गढ़ी कुम्हैड़ा में देशभक्ति का अद्वितीय नजारा देखने को मिला, जब प्राथमिक विद्यालय अमीरपुर गढ़ी, प्राथमिक विद्यालय कुम्हैड़ा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हैड़ा के बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिलकर बुधवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उत्साह और जोश से हुआ। हाथों में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और गगनभेदी नारों भारत माता की जय और वंदे मातरम से पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में देशप्रेम की भावना प्रज्वलित करना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा में ग्राम प्रधान बिजेंद्र सिंह, तीनों विद्यालयों के शिक्षक, सैकड़ों विद्यार्थी और ग्रामीण शामिल हुए।

# हर घर तिरंगा अभियान में महापौर की पहल, घर-घर पहुंचा रही तिरंगे का सम्मान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान को गाजियाबाद में महापौर सुनीता दयाल ने जन-जन का अभियान बना दिया है। नगर आयुक्त के साथ मिलकर नगर निगम ने शहर के सभी वार्डों में 1500 तिरंगे प्रति वार्ड वितरित किए हैं, ताकि 15 अगस्त पर हर घर पर तिरंगा फहराया जा सके। महापौर सुनीता दयाल ने स्वयं अपने वार्ड और कॉलोनी के घर-घर जाकर तिरंगे वितरित किए। अपने आवास पर आने वाले हर अतिथि को भी उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री का संदेश हर नागरिक तक पहुँचे, इसके लिए यह प्रयास आवश्यक है। महापौर ने नागरिकों से अपील की



कि 15 अगस्त के बाद तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारकर घर के सुरक्षित स्थान पर रखें, ताकि अगले वर्ष भी इसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने चेताया कि किसी यात्रा या आयोजन के दौरान कई बार तिरंगा जमीन पर गिर जाता है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि अनजाने में ऐसा हो भी जाए तो हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए तिरंगे को उठाकर सम्मानपूर्वक स्थापित करना चाहिए। यह पहल न केवल देशभक्ति की भावना को मजबूत कर रही है, बल्कि तिरंगे के सम्मान और संरक्षण का संदेश भी दे रही है। महापौर ने कहा कि तिरंगा हमारा गर्व है और इसका आदर करना हर भारतीय का कर्तव्य है।

# दिनेश कुमार गोयल द्वारा मांग की प्रदेश भर में उम्र पूरी कर चुके वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने का अभियान चलाया जाए

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद । (अनिल वशिष्ठ)।** विधान परिषद के मानसून सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा सड़क की सुरक्षा और पर्यावरण को सेहतमंद रखने के लिए एक तय सीमा में पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित करने के निर्देश है। सरकारी वाहनों में यह लागू हो जा रहा है। निजी वाहनों के संबंध में वाहन स्वामियों को ही यह निर्णय लेना पड़ता है। पुराने वाहनों के ब्रेक फेल होने की वजह से भी अधिकांश दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। वही धुएं से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता इसलिए वाहनों की आयु तय की गयी है। मुख्यमंत्री की विकासवादी सोच के कारण राज्य में एक्सप्रेसवे की झड़ी लग गयी है। एक तरह से हम कह रहे है कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में देश में जाना जाने लगा। स्वाभाविक है कि बेहतर कनेक्टिविटी और बेहतर सड़कों के कारण वाहनों की गति भी बढ़ी है, आवागमन सुगम हुआ है। राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन है जो अपनी उम्र को पार कर चुके हैं किन्तु सड़कों पर आज भी धड़ल्ले से फराटां भर रहे हैं। राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के



बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे वाहन मौजूद हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता और उनका आमजन से बेहतर संवाद न होनें के कारण ये वाहन निष्प्रयोज्य घोषित नहीं हो पा रहे हैं। जिसके कारण एक बड़ा संकट उत्पन्न हो रहा है। हम लखनऊ की बात करलें तो यहां 140396 मोटर कार 2000 से उपर मोटर कैव यहां तक की 250 से ऊपर एम्बुलेंस हैं जो अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं। होना तो यह चाहिए कि परिवहन विभाग अपने यहां पंजीकृत वाहन के स्वामी के पते पर संपर्क करके इस परिधि में आये वाहनों को निष्प्रयोज्य कराये हजारों की संख्या में ऐसे वाहन हैं। जो वास्तव में निष्प्रयोज्य भी हो चुके हैं। वाहन स्वामी उन्हें कबाड़ की तरह ही रखें है। किन्तु जागरूकता न होने के कारण वे परिवहन विभाग से तालमेल बनाते हुए उन्हें निष्प्रयोज्य होनी की उन प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर पा रहे है। जबकि इसकों करने पर उनकों सरकार बहुत सारी सहूलियतें भी दे रही है। अस्तु इस लोक महत्व के इस तत्कालीन अभिलम्बनीय विषय पर उम्र पूरे कर चुके वाहनों को कबाड़ किये जाने हेतु जिससे वाहन दुर्घटना के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पर भी प्रभावी कदम उठाने हेतु सदन में सरकार से चर्चा/ वक्तव्य की मांग की।

# विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल महानगर गाजियाबाद ने इसका विरोध करते हुए भारी संख्या में स्कूल के गेट पर हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ किया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सूचना प्राप्त हुई की दो छात्राएं जो राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, विजयनगर में कक्षा ग्यारहवीं की छात्राएं हैं, उन्हें एक शिक्षिका द्वारा तिलक लगाने पर प्रताड़ित किया जा रहा है और तिलक लगाने पर फेल करने की धमकी दी जा रही है। विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल महानगर गाजियाबाद ने इसका विरोध करते हुए भारी संख्या में स्कूल के गेट पर हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ किया। विश्व हिंदू परिषद महानगर के अध्यक्ष श्री आलोक गर्ग के नेतृत्व में दुर्गा वाहिनी और संगठन के कार्यकताओं ने प्रधानाचार्य विभा चौहान से मुलाकात की और




उन्हें हिंदू समाज की भावनाओं से अवगत कराया और चेतावनी दी कि इस प्रकार की कोई घटना भविष्य में ना हो इसमें महानगर से अश्वनी शर्मा महानगर प्रचार प्रमुख, पंकज आर्य महानगर सह सुरक्षा प्रमुख ,चंचल सक्सेना मातृशक्ति संयोजिका, विधु गर्ग दुर्गा वाहिनी संयोजिका महानगर, सीमा, ऋतिक प्रखंड संयोजक, कुलदीप, अनुज ,सुरेंद्र, सचिन राज किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

